**खबर संक्षेप**

### युवती के साथ बनाए अवैध अवैध संबंध, मामला दर्ज

छिंदवाड़ा। देहात थाना क्षेत्र में युवक ने नाम बादलकर युवती को अपने प्रेमजाल में फंसाया। इसके बाद शारीरिक संबंध बनाए। जब बात आई तो उसने अपने अपनी असली पहचान बताकर युवती को जान से मारने की धमकी दी। देहात थाना निरीक्षक जीएस राजपूत ने बताया कि युवती को अपने प्रेमजाल में फंसाया। उसके बाद शारीरिक संबंध बनाए और जब बात आई तो उसने अपने अपनी असली पहचान बताकर युवती को जाने से मारने की धमकी दी। देहात थाना निरीक्षक जीएस राजपूत ने बताया कि रविवार को युवती ने शिकायत की है सात साल पहले मुल्लाजी पेट्रोल पंप के पास युवती से मकान ढूंढने के दौरान एक युवती की मुलाकात हुई। उसने मकान ढूंढने में मदद के नाम पर युवती का मोबाइल नंबर ले लिया और अपना नाम अंकित बताकर उससे बात करने लगा। युवक ने अपनी बातों में फंसाकर युवती से शारीरिक संबंध बनाए। जब युवती ने शादी की बात कही तब युवक ने अपना नाम जावेद मिर्जा बताया और शादी से इंकार कर दिया। पुलिस ने युवती के बयान के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है।

## गिद्ध वन्य प्राणी विचलित होने के अलावा अनगिनत पौधे जंगल की आग में हो गए भस्म

# तामिया बीट के वल्चर पॉइंट के नजदीक कई दिनों से धधक रही आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया



तामिया उपवन मंडल की तामिया, झिरपा,देलाखारी,सांगा खेड़ा, रेंजो में जंगल की रक्षा के लिए तैनात नाकेदार नाकों पर निवास नहीं करते हैं जबकि इनके लिए शासन ने वनों की सुरक्षा के लिए नाके बनवाए है। लेकिन ये सूने पड़े रहते हैं। इस कारण वन संपदा के साथ रेत का अवैध खनन, सागौन कटाई की हानि के साथ-साथ जंगल भी भारी तादाद में कट रहा है। जंगल एवं वन संपदा के रूप में गौड़ खनिज का भी जमकर दोहन लगातार होता चला आ रहा है, लेकिन जबसे इस क्षेत्र में यह चारों रेंज बनी है। तब से इस वर्ष इन रेंजों के जंगलों में जितनी आग लगी है!, उतनी तो अभी तक नहीं लगी होगी क्योंकि इन रेंजों के किसी भी बीट सर्कल में चले जाओ तो जंगल में आग के निशान आसानी से देखे जा सकते है। ऐसे नजारे जंगल के अंदरूनी भाग को छोड़ दे तो मुख्य सड़क के किनारे ही जंगल में लगी आग से जले जंगल दिखे जाते हैं। ऐसा ही हाल तामिया रेंज की मुख्यालय बीट में वल्चर पॉइंट के पास के जंगल के कई हेक्टर क्षेत्र में आग लगने से अनगिनत पौधे सरई के जो प्रकृति ने प्रदान किए हैं। वह इस आग में जलकर पनपने के पहले ही भस्म हो गए। इससे भी गंभीर लापरवाही नाकेदार डिप्टी डेंजर की देखने मिल रही है कि आज की ताजा स्थिति में इस क्षेत्र में आज भी आग जलती होली की तर्ज पर देखी जा सकती है जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि नाकेदार चौकीदार डिप्टी रेंजर जब इतने नजदीक की आग पर काबू नहीं कर पाए तो अंदाजा लगाया जा सकता है कि दूर दराज के जंगल में आग किस इस हद तक लगी हुई होगी। लगभग एक सप्ताह से अधिक जल रही लकड़ी जो आज भी जलते हुए देखी जा सकती हैं लेकिन नहीं दिखती हैं तो नाकेदार चौकीदार डिप्टी रेंजर को इस तरह तामिया बीट में वल्चर पॉइंट के पास जल रही आग से अंदाजा लग जा सकता है कि वन विभाग का मैदानी अमला कितना लापरवाह है।

यदि किसी अधिकारी को इस जल रही आग की पुष्टि करना है तो साल बोरर कीड़ों से नष्ट हुए पेड़ जो काटे गए हैं उन पेड़ के 15 नंबर ठूठ के पास यह आग देखी जा सकती है। इस क्षेत्र में आग लगने की घटना से वन प्राणियों को भी संकट का सामना करना पड़ा होगा। आग के कारण विलुप्त प्रजाति के गिनती के बचे गिद्ध भी विचलित हुए होंगे। अभी वर्तमान में आग लगने की घटनाएं देखने सुनने आ रही हैं। यदि शीघ्र ही रेंजरों ने अपने नाकेदारों को नाके पर तैनात नहीं किया तो अनमोल वन संपदा की हानि का अंदाजा लगाना मुश्किल होगा।

अब देखना यह है कि रेंजर अपने अधिकार का उपयोग कर नाकेदारों को नाके पर तैनात करते हैं या फिर उनके सामने लाचार नजर आएंगे। यह तो उनकी कार्यवाही और नाको पर नाकेदारों की तैनाती के बाद ही पता चल सकेगा। यदि ऐसा नहीं हुआ तो अब तक हुई आग लगने की घटना से जंगल की हानि का ग्राफ और ऊपर चला जाए तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी।

# अवैध देशी प्लेन व अंग्रेजी शराब की 11 पेटी जप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



जिलेभर में जगह-जगह अवैध रूप से अवैध देशी प्लेन व अंग्रेजी शराब बेची जा रही है आबकारी विभाग की मोन सहमति के चलते शराब माफिया के हौसले बुलंद हैं पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा अजय पाण्डे, अतिरिक्ति पुलिस अधीक्षक आयुष गुप्ता, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) जुन्नारदेव प्रियंका पाण्डेय द्वारा अवैध गतिविधियो पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं।

इसी क्रम में गत दिवस मुखबिर पर दुर्गेश कुशराम निवासी रेलवे गेट के पास हिरदागढ ग्राम छिंदीकामथ ने अपने घर के अंदर कमरे में भारी मात्रा में अवैध शराब विक्रय करने हेतु रखा है।पुलिस टीम द्वारा तत्काल त्वरित कार्यवाही करते हुए मुखबिर के बताये अनुसार स्थान पर दुर्गेश कुशराम का घर रेलवे गेट के पास हिरदागढ ग्राम छिंदीकामथ में दबिश/घेराबंदी करने पर एक व्यक्ति जिसने बारीकी से पूछताछ करने पर अपना नाम दुर्गेश कुशराम पिता बाबू कुशराम उम्र 25 साल निवासी रेलवे गेट के पास हिरदागढ ग्राम छिंदीकामथ (डुंगरिया) थाना जुन्नारदेव (छिंदवाडा) होना बताया।पुलिस स्टाफ व समक्ष गवाह के दुर्गेश कुशराम के घर की तालाशी ली गई जो उसके घर के कमरे में लोहे की एक बड़ी पेटी के अंदर शराब रखने वाले कागज के कार्टून (पेटी) में 11 पेटी शराब भरी हुई मिली चैक करने पर 06 पेटी में देशी मदिरा प्लेन कुल 300 पाव प्रत्येक पाव में 180 एमएल. कुल 54 लीटर एंव अंग्रेजी शराब officers choice ब्रांड के कुल 191 पाव प्रत्येक पाव में 180 ml कुल 34 लीटर 380 मिली. अंग्रेजी शराब इस प्रकार अवैध शराब की कुल मात्रा 88 लीटर 380 मिली लीटर कीमती 53,470/- रूपये की पाई गई।आरोपी दुर्गेश कुशराम से उक्त अवैध शराब अपने कब्जे में रखने के संबंध में पूछताछ करने पर अन्य साथी के साथ मिलकर ब्लैक में शराब रखना बेचना बताया है। अन्य आरोपी एवं शराब के स्रोत के संबंध में जानकारी प्राप्त की जा रही है। आरोपी के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**गिरफ्तार आरोपी**

दुर्गेश पिता बाबू कुशराम उम्र 25 साल रेलवे गेट के पास हिरदागढ ग्राम छिंदीकामथ (डुंगरिया) थाना जुन्नारदेव जिला छिंदवाड़ा।

**जप्त संपत्ति**

(1) 6 पेटी देशी मदिरा प्लेन के कुल 300 पाव, मात्रा कुल 54 लीटर,(2) 5 पेटी ऑफिसर च्वाईस अंग्रेजी शराब, कुल 191 पाव मात्रा कुल 34.380 लीटर, अवैध शराब कुल मात्रा 88.380 लीटर कुल कीमती 53,470 रूपये।

**महत्वपूर्ण भूमिका**

निरीक्षक राकेश बघेल (थाना प्रभारी जुन्नारदेव), उनि. संजय सोनवानी (चौकी प्रभारी डुंगरिया), सउनि. मंगलेश्वर परिहार, प्रआर. विजेन्द्र बघेल, आर. कृष्णकुमार वर्मा, संतोष धुर्वे, मआर. निधी बघेल का विशेष योगदान रहा।

### नकली नोट बनाने वाला गिरोह धराया

छिंदवाड़ा। सौसर थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को नकली नोट छापने वाले गिरोह को पकड़ने में बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने 15000 के नकली नोटों के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है और आगे की पूछताछ जारी है। वहीं देर शाम तक आरोपियों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। जानकारी में सौसर थाना प्रभारी रूपलाल उइके ने बताया कि आज सुबह सूचना मिली कि किन्हीं अज्ञात लोगों द्वारा ग्राहक सेवा केंद्र पहुँचकर 10 हजार एवं 20 हजार अलग-अलग अकाउंट में जमा करने के लिए कहा गया। जब अकाउंट में पैसे जमा हो गए तो नोटों की जांच के दौरान आधे नोट असली तो आधे नोट नकली पाए गए। सूचना पर पहुँची पुलिस ने 2 आरोपियों को हिरासत में लिया है। जिनके पास से एक प्रिंटर भी बरामद किया गया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच के चलते अभी आरोपियों के नाम उजागर नहीं किए गए है।

# मिडास कोचिंग संस्था सौंसर के बच्चों ने फिर रचा इतिहास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



आईआईटी जेईई मेंस की परीक्षा परिणाम में मिडास के बच्चों में जबरदस्त प्रदर्शन देखने को मिला। निशिद गणेश खंडाग्रे ने लाया सबसे अधिक 99.64 परसेंटाइल, सुजल विनोद नशीने ने 99.24 परसेंटाइल, तनमय शैलेश वानखेड़े ने 99.10 प्रसेंटाइल लाकर पूरे जिले में नाम रोशन किया और इनके साथ क्रीब 9 बच्चों ने 95 से अधिक परसेंटाइल लाया और क्रीब 31 बच्चों ने 90 परसेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त कर आईआईटी एडवांस की परीक्षा के लिए चयन हुए है एवं संस्था के क्रीब 90 से अधिक बच्चों ने इस जेईई मेंस की परीक्षा को क्वालीफाई कर एडवांस परीक्षा के लिए चयन हुए है जो की यह एक सौंसर के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। सभी बच्चों ने पूरे जिले में अपने माता-पिता के साथ साथ संस्था का भी नाम रोशन किया। संस्था के संचालक विकास सिंह ने बताया की यह उत्कृष्ट परिणाम सभी पालकगण के भरोसा एवं बच्चों की लगन और संस्था के सभी अनुभवी शिक्षकगण के मार्गदर्शन से ही संभव हो पाया है।

## कलेक्टर के भरोसे पर खरे उतरे सरकारी स्कूलों के शिक्षक और विद्यार्थी

छिंदवाड़ा। सरकारी स्कूलों के शिक्षकों की दक्षता और यहां के विद्यार्थियों की क्षमता पर शुरुआत से ही पूरा भरोसा रखते हुए कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने गत वर्ष जुलाई माह से जिले में एक नवाचार शुरू किया था। जिसके तहत जिले के सभी शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूलों में प्रतिदिन जे.ई.ई. और नीट की तैयारी के लिए एक अतिरिक्त पीरियड लगाया गया। समय-समय पर कार्यशालाएं आयोजित कर सरकारी स्कूलों के इन शिक्षकों को प्रेरित किया गया। कलेक्टर श्री सिंह के प्रयासों से इंदौर के एक फेमस कोचिंग संस्थान एलेन की फैकल्टी के माध्यम से भी जिले में कार्यशाला आयोजित की गई और शिक्षकों तथा विद्यार्थियों का जेईई, नीट की तैयारी के संबंध में ओरिएंटेशन किया गया। इसके साथ ही इसी कोचिंग संस्थान के माध्यम से सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए इन परीक्षाओं के नोट्स और अध्ययन सामग्री हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनों भाषाओं में नि:शुल्क उपलब्ध कराई गई। 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के बाद पुन: कुछ सरकारी स्कूलों को स्टडी सेंटर बनाते हुए इन परीक्षाओं की तैयारी के लिए एलेन की ऑनलाइन कोचिंग उपलब्ध कराई गई। लगातार टेस्ट पेपर सॉल्व करवाए गए और बच्चों को आ रही कठिनाइयां दूर की गईं। इस कार्य में जिला शिक्षा अधिकारी श्री जी.एस.बघेल, सहायक संचालक जनजातीय कार्य विभाग, उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य श्री अवधूत काले और सभी हायर सेकेंडरी स्कूलों के प्राचार्यों और विषय शिक्षकों का पूर्ण समर्पण और सहयोग प्राप्त हुआ।



### नरवाई जलाने पर तीन व्यक्तियों पर एफआईआर दर्ज

छिनदवाड़ा। कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार प्रशासन द्वारा लगातार समझाईश देने के बाद भी व्यक्तियों द्वारा नरवाई में आग लगाए जाने की घटनाएं सामने आ रही हैं। नरवाई जलाने से होने वाले नुकसानों के बारे में कृषि विभाग द्वारा व्यक्तियों को लगातार अवगत कराया जा रहा है, साथ ही नरवाई प्रबंधन के लिए विकासखंड छिन्दवाड़ा में बीआईएसए संस्था जबलपुर के सहयोग तथा किसानों द्वारा स्वप्रेरित होकर भी बड़ी संख्या में सुपरसीडर द्वारा मूंग फसल की बोनी खड़ी नरवाई में की गई है। इन प्रयासों के बाद भी विकासखंड छिन्दवाड़ा में नरवाई जलाने पर कृषि विभाग एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने व्यक्तियों पर कार्यवाही की है। नरवाई जलाने पर शनिवार देर शाम जिले के कुंडीपुरा थाने में ग्राम अतरवाड़ा के कमलेश पिता बुद्धू चौरिया, ग्राम भानादेही के करण पिता रेशम चंद्रवंशी तथा चांद थाने में थांवरीकला के भैयालाल पिता देवचंद पाल के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई।

# पुलिस ने एक ही रात में 113 वारंटियों को किया गिरफ्तार

**114 गुण्डा, 79 निगरानी, 08 जेल से रिहा आरोपियों एवं 48 कबाड़ियों की सघन चेकिंग**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

प्रदेश स्तरीय रात्रि काम्बिंग गश्त के संबंध में पुलिस मुख्यालय भोपाल (म.प्र.) द्वारा दिये गये निर्देशानुसार जिले में अवैध गतिविधियों में लिप्त व्यक्तियो की निरंतर धरपकड़ व अवैध कार्यो में संलिप्त व्यक्तियों / अपराधियों तथा अपराधों पर अंकुश लगाने व जिले में कानून व्यवस्था बनाये रखने व आदतन अपराधियों पर शिकंजा कसने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा अजय पांडे एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष गुप्ता के द्वारा विशेष ऑपरेशन चलाकर निरंतर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

इसके बाद छिंदवाड़ा में रात्रि में शहर व देहात के थाना क्षेत्रो पर कॉम्बिंग ऑपरेशन के दौरान कॉम्बिंग गस्त अनुभागवार पुलिस बल को अलग–अलग स्थानो पर एकत्रित किया जाकर राजपत्रित अधिकारियों द्वारा पुलिस बल को ब्रीफ किया गया उसके बाद अलग–अलग क्षेत्रो में कॉम्बिंग गस्त के लिये रवाना किया गया।

पुलिस टीम द्वारा स्थायी/गिरफ्तारी वारंटियों की धरपकड़ हेतु प्रत्येक थाने में अलग-अलग पुलिस टीम तैयार कर वारंटियो की गिरफ्तारी हेतु मुखबिर तंत्र सक्रिय कर तकनीकी शाखा (सायबर सेल) के सहयोग एवं नाकाबंदी / दबिश देकर एक ही रात्रि में औचक नाईट काम्बिंग ऑपरेशन चलाकर, 10 स्थाई व 103 गिरफ्तारी, इस प्रकार कुल 113 वारंटियो को दबिश / घेराबंदी / नाकाबंदी कर गिरफ्तार किया गया।

सभी गिरफ्तारशुदा वारंटियों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जाता हैं ।जिलें में सर्वाधिक वारंट की तामीली के क्रम में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) चौरई राजेश बंजारे के नेतृत्व में थाना चौरई द्वारा कांबिग गस्त के दौरान लगातार टीम गठितकर सर्वाधिक वारंट तामील किया गया जिसमें 01 स्थायी व 17 गिरफ्तारी, कुल 18 वारंटियों को गिरफ्तार किया गया, नगर पुलिस अधीक्षक अजय राणा के नेतृत्व में थाना कोतवाली द्वारा गठित टीम ने 02 स्थायी व 10 गिरफ्तारी, कुल 12 वारंटियो को गिरफ्तार किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (परासिया) जितेन्द्र जाट के नेतृत्व में थाना चांदामेटा में 01 स्थायी व 08 गिरफ्तारी, कुल 09 वारंटियो को गिरफ्तार किया गया, पुलिस अधीक्षक द्वारा सर्वाधिक वारंट तामीली एवं स्थायी वारंट तामील करने वाली पुलिस टीम को पुरुस्कृत करने की घोषणा की गई हैं।

आपराधिक गतिविधियो में संलिप्त व्यक्तियो/जिले के गुंडा /निगरानी बदमाश,जिला बदर के अपराधियों, जेल से रिहा आरोपियों, कबाड़ियो को काम्बिंग ऑपरेशन के दौरान पुलिस टीम द्वारा सघनता से चेक किया गया व गुम इंसानो की दस्तयाबी की गई, जिसमें 114 गुंडा बदमाश, 79 निगरानी बदमाश, 08 जेल से रिहा, 48 कबाड़ियो को चेक किया गया।

# परियोजना क्रियान्वयन इकाई के तहत करोड़ के कॉलेज भवन में रंग रोगन के बाद आई दरारे

**समीक्षा बैठकों में कलेक्टर की गुणवत्तापूर्ण कार्य की नसीहत नजर अंदाज**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया



तामिया तहसील में आदिवासी क्षेत्र के लोगों के लिए कई विकास कार्य चल रहे हैं जिनमें निर्माण एजेंसी विभाग के माध्यम से ठेका पद्धति से ठेका देकर निर्माण कार्य करवाए जा रहे हैं। चल रहे इन प्रमुख निर्माण कार्यों में सीएम राईज स्कूल, आईटीआई कॉलेज,भारिया जनजाति आदिवासी संग्रहालय भवन निर्माण पीआईयू एवं पुलिस हाउसिंग बोर्ड विभाग के अधीन निर्माण कार्य अकेले मुख्यालय में ही 50 करोड़ से अधिक के भवन निर्माण कार्य जो प्रगति रत है उनमें व्यापक पैमाने पर कंसल्टेंसी विभाग के अधिकारी एवं ठेकेदार की जुगलबंदी से करोड़ों का भ्रष्टाचार घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग कर निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को बुरी तरह से प्रभावित किया जा रहा है, इसके प्रत्यक्ष उदाहरण हैं। सीएम राईज स्कूल भवन निर्माण में दरारें साफ देखी जा सकती है, वहीं आईटीआई कॉलेज एवं संग्रहालय भवन में निर्माण में भी मापदंड के विपरीत निर्माण कार्य किया जा रहा है। घटिया निर्माण कार्य के परिणाम प्लास्टर एवं पुताई होने के बाद अब सामने आने लगे है। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण तामिया क्षेत्र के आदिवासी बच्चों के लिए बन चुका। कॉलेज भवन जिसमें रंग रोगन किया भी किया जा चुका है जो भवन निर्माण पूर्ण होने की पुष्टि करता है, लेकिन इस कालेज निर्माण कार्य में पुताई होने के बाद भ्रष्टाचार की दरारे साफ देखने मिल रही है, जिन्हें वर्तमान में ठेकेदार के मजदूर रंग रोगन के ऊपर पुट्टी लगाकर इन भ्रष्टाचार एवं घटिया निर्माण कार्य की दरारों को भरकर घटिया निर्माण का सबूत मिटाने का असफल प्रयास किया जा रहा है क्योंकि यदि जब भवन में दरारें आई हैं तो पुट्टी लगाने से भवन निर्माण कार्य के हिस्से में दरा[र] नहीं आएगी। इस कॉलेज भवन के मुख्य भा[ग] की दरारे भरकर अपने भ्रष्ट कारनामें ठेकेदा[र] कंसल्टेंसी एवं विभाग के तकनीकी अधिकारी छुपाने का असफल प्रयास कर रहे हैं। ज[ब] निर्माण घटिया हुआ है तो दरारें खुद बा खुद क[ह] रही है कि घटिया निर्माण किया गया, जिसक[ा] परिणाम दरारों के रूप में सामने आया है जबकि कलेक्टर हर टाइम लिमिट की मीटिंग में विभाग एवं ठेकेदारों को सचेत करते हैं कि निर्माण पू[र्ण] गुणवत्ता के साथ किए जाएं, लेकिन तामिया [में] परियोजना क्रियान्वयन इकाई के तहत बन[ने] वाले करोड़ों के कॉलेज में खुला भ्रष्टाचार साफ देखा जा सकता है।

यदि स्पष्ट दिखने वाले भ्रष्टाचार की जांच की जाएगी तो इस विभाग के तकनीकी अधिकारी कंसलटेंसी एवं उनके द्वारा ठेकेदार को मनमाने तरीके से निर्माण करने की छूट के नतीजे जो इस कॉलेज भवन में दरारे आई हैं तो समझा जा सकता है कि पूरे कॉलेज भवन निर्माण में किस पैमाने पर घटिया निर्माण कार्य किया गया जिससे इस कॉलेज भवन की निश्चित अवधि के पूर्व ही यह कॉलेज खंडहर में तब्दील हो जाए तो कोई आश्चर्य की बात नहीं।

## गुरैया में होगा आश्रम का निर्माण, आश्रम निर्माण से शहरवासियों को मिलेगा लाभ

# नंदन हिल्स में विराजे महाकाल, शंकराचार्य जी का भी बनेगा आश्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा





श्री नंदन हिल्स में देव भूमि डेवलपर्स परिवार द्वारा आयोजित त्री दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा व मंदिर का लोकार्पण महामहोत्सव के सफलतम समापन के दौरान एक महत्वपूर्ण घोषणा की गई। उज्जवल कोमल प्रसाद सूर्यवंशी और पवन सुधाकर ओक्टे ने गौरिया में आश्रम के निर्माण की घोषणा करते हुए कहा कि यह आश्रम जगद्गुरु शंकराचार्य स्वरूपानंद सरस्वती महाराज की जन्मभूमि छिंदवाड़ा में एक महत्वपूर्ण धार्मिक और आध्यात्मिक केंद्र होगा।

इस आश्रम में अनन्त श्री विभूषित पूज्यपाद द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगदगुरु शंकराचार्य स्वामी सदानन्द सरस्वती महाराज जी निवास करेंगे। इससे छिंदवाड़ा के लोगों को शंकराचार्य के सानिध्य में रहने और उनके प्रवचनों से लाभ उठाने का अवसर मिलेगा। आश्रम के निर्माण से पूर्व भारतीय ज्ञान परम्परा एवं गुरु परम्परा का निर्वाहन होगा और छिंदवाड़ा के धर्मावलम्बियों को धर्म का लाभ प्राप्त होगा। तीन दिवसीय कार्यक्रम में पधारे शंकराचार्य जी के आगमन से पूरे जिले में धार्मिक माहौल बन गया। सांसद विवेक बंटी साहू ने जहां पूजा शिवी लॉन में पाद पूजन किया। वहीं पूर्व सांसद नकुलनाथ के घर शिकारपुर जाकर भी शंकराचार्य जी का आदर सत्कार किया गया तथा दोनों ही नेताओं ने चरण वंदना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। विभिन्न मंत्रों और यज्ञ से शिव जी की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम संपन्न होने के बाद शिवलिंग की स्थापना की गई। आकर्षक मंदिर और सुंदर मूर्ति से दर्शकों का मन धार्मिक उन्माद और उत्साह से भर गया। सैकड़ों लोगों ने शंकराचार्य जी से दीक्षा भी ली। वहीं उज्जैन से पधारे किशन भगत ने अपने सुंदर भजनों से समा बांध दिया। ढोलक और तबले की थाप पर आयोजक के अलावा शिवभक्त नृत्य करते भाव विभोर होते नजर आए। विशाल भंडारे से जहां हजारों लोगों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया।

वहीं आयोजकों की मेहनत और लगन से यह कार्यक्रम अपने सफलता के चरमोत्कर्ष पर पहुंच गया। उज्जवल सूर्यवंशी की सनातन के प्रति सच्ची लगन और उनके इस आयोजन ने उनके नाम को कई गुना बड़ा बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी शंकराचार्य श्री सदानंद सरस्वती जी के आगमन ने छिंदवाड़ा की धरा को धन्य कर दिया। आश्रम बनने के बाद गुरूजी के श्रीचरण जब जब छिंदवाड़ा की धरती पर पड़ते रहेंगे यह धरा हर बार धन्य हो जाएगी।

### सीएमओ ने उत्खनन रोकने से किया इनकार

# नलकूप उत्खनन का ग्रामीणों ने किया विरोध



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

नगर पंचायत न्यूटन द्वारा बेलगांव पंचायत में कराए जा रहे नलकूप ( बोर ) का ग्राम पंचायत बेलगांव के ग्रामीणों ने विरोध किया । विरोध के चलते बोर मशीन को वापस होना पड़ा । जिसके बाद न्यूटन नपं सी एम ओ ने बेलगांव पंचायत के सरपंच , पूर्व सरपंच , उप सरपंच और ग्रामीणों के साथ चर्चा कर सभी को विरोध न करने पर राजी किया ।गौरतलब है , कि न्यूटन में पानी की समस्या को ध्यान में रखते हुए नगर पंचायत द्वारा वेकोलि के सहयोग से न ए बोर कराए जाना है , जिसके पंचायत के द्वारा शासकीय भूमि की तलाश की गई । जिसमें न्यूटन पेंच नदी के पास ग्राम पंचायत बेलगाव के वार्ड 11 - 12 नदी ढाना के समीप लगभग 5 एकड़ शासकीय जमीन मिली।

बताया जा रहा है , कि इस जमीन के क ई हिस्से में स्थानीय लोगों द्वारा कब्जा कर खेती की जा रही है । जो हिस्सा खाली पड़ा है , उसे बोर के लिए चयनित किया गया । यह बात जब ग्राम पंचायत बेलगांव के ग्रामीणों को पता चली तो ग्रामीणों ने सरपंच अखिलेश काकोड़िया , पूर्व सरपंच अमरचंद बरखाने , उप सरपंच दिनेश यदुवंशी के नेतृत्व में बोर कार्य का विरोध किया । ग्रामीणों का कहना है , कि यदि यहां बोर होगा तो , उनके पंचायत क्षेत्र के जल स्त्रोत प्रभावित होंगे । जिससे उनकी पंचायत में पानी की समस्या खड़ी हो जाएगी । वहीं बोर के लिए चयन स्थल के आसपास के किसानों का कहना , कि उनके खेत में स्थित जल स्त्रोतों का पानी सूख जाएगा तो वे क्या करेंगे । इस मामले में उप सरपंच दिनेश यदुवंशी ने एस डी एम से भी बात की , लेकिन एस डी एम पुष्पेन्द्र निगम ने सोमवार को ग्रामीणों से चर्चा करने की बात कही । इधर नपं सी एम ओ अजय ठाकरे ने सरपंच और अन्य ग्रामीणों से पंचायत कार्यालय में आकर चर्चा करने कहा , लेकिन ग्रामीण मौका स्थल पर चर्चा करने पर अड़े रहे । सरपंच और पूर्व सरपंच के आग्रह पर सी एम ओ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से विरोध का कारण पूछा , तब सबने अपनी - अपनी बात रखी । इस दौरान तीखी बहस भी हुई ।

ग्रामीणों का कहना था , कि जब - तक उनकी एस डी एम से विस्तृत चर्चा नहीं हो जाती , तब - तक बोर न किया जाए , लेकिन सी एम ओ ने साफ इनकार कर दिया और कहा , कि उन्हें कलेक्टर और एस डी एम से आदेश है । बोर नहीं करने दिया जाएगा तो वे पुलिस बल की मौजूदगी में बोर कराएंगे । सी एम ओ ने कहा कि बोर होने से किसी जल स्त्रोत को कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा , यदि ऐसा हुआ भी तो ग्राम पंचायत बेलगांव भी इस बोर का उपयोग कर सकेगी । इसके बाद ग्रामीण कैलाश बरखे , राम स्वरूप साहू , निखिल साहू , विस्तू बरखे , हर दयाल पटेल , शभम पटेल , राजेन्द्र बरखे , सुरेश बरखे , लक्ष्मी पाल , यशवंत सूर्यवंशी आदि ने यही बात लिखित में दिए जाने की मांग रखी ।

# सौंसर के गांव-गांव में होगा गठन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

ग्राम पंढरी में भारतीय बौद्ध महासभा एवं संघमित्रा महिला संघ के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की 134 वी जयंती समारोह का आयोजन किया गया,ग्राम में विशाल भीम रैली निकाली गई,जयंती का शुभारंभ तथागत बुद्ध डॉ बाबासाहेब अंबेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ किया, द्वितीय दिवस पर भारतीय बौद्ध महासभा प्रदेश उपाध्यक्ष समाजसेवक रमेश लोखंडे, सौसर तहसील अध्यक्ष नरेश कड़बे के मुख्यातिथ्य में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, इस दौरान श्रीमती गुम्फा ताई बागड़े ,विनोद बागड़े ,दर्शना बागड़े ,जयश्री बागडे ,शंकर बागडे ,सिध्दार्थ वागढे ,दर्शना बागड़े ,वच्छला पाटिल ,आशा बागडे ,चंद्रप्रभा बागडे ,सीताबाई मडके, मीना बागड़े ,शोभा बंसोड़ ,दिलीप बागड़े ,अर्चना बागड़े ,वंदना बागड़े ,श्रावण बंसोड़ ,देवकी पाटील ,रुखमा बागडे ,रोशनी बागडे, सुमन मडके ने पुष्पांजलि अर्पित की, जयंती समारोह को संबोधित करते हुए श्री लोखंडे ने कहा कि डॉ. बाबासाहाब ने सदियों से दबे कुचले सर्बहारा लोगों को न्याय दिलाने के लिये जीवनभर संघर्ष किया। संकीर्ण कट्टरवादी ताकतों को समाप्त किया संविधान के माध्यम से भारतीय समाज में समता स्वतंत्रता बंधुता व न्याय पर आधारित व्यवस्था स्थापित की।भारतीय बौद्ध महासभा तहसील अध्यक्ष नरेश कड़बे ने कहा कि शिक्षित बनो ,संगठित रहो, संघर्ष करो का नारा डॉ बाबासाहेब अंबेडकर ने देखकर देकर अस्मिता की अलख जगाई। डॉ बाबासाहब आंबेडकर के विचारो पर चलने की आवशयकता बताते हुए भारतीय बौद्ध महासभा के सदस्य बनने की अपील करते हुए बौद्धजनो अपने अंबेडकरी पीडित लोगों को एक मंच पर आकर हक की लड़ाई लड़ने का आहवान किया। जल्दी ही गांव-गांव में बैठक के लेकर भारतीय बौद्ध महासभा का पुनःगठन किया जाएगा, जयंती समारोह समापन सामूहिक भोजनदान के साथ किया गया।

# गलियों, दुकानों बिक रही है रात-दिन अवैध शराब



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

शहर में ओमसाई इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल सामने,मोहगांव मार्ग संस्कार पब्लिक स्कूल के सामने दिन रात चल रही शराब दुकान को लेकर आम नागरिकों के द्वारा लगातार शिकायतें की जा रही है, शनिवार को जिला एनएसयूआई के पदाधिकारी के द्वारा आधे घंटे तक सौसर थाने के सामने धरना प्रदर्शन करते हुए छिदवाड़ा मार्ग की शराब दुकान हटाने की मांग की है, मिली जानकारी के अनुसार नगर के छिंदवाड़ा मार्ग ओर मोहगांव मार्ग पर संचालित शराब दुकान लगातार 20 घंटे शुरू रहती है, इन शराब दुकानों और यहां पर शराबियों के द्वारा किए जा रहे हुडदग विवादों के कारण महिलाएं छात्र-छात्राएं अपने आपको मानसिक रूप से परेशान महसूस कर रहे है, क्षेत्रवासियों विभिन्न संगठनों के द्वारा लगातार इन शराब दुकानों को हटाने की मांग सौसर प्रशासन सरकार के नुमाइंदों से की जा रही है, हाल ही में मोहगांव मार्ग पर संचालित शराब दुकान को लेकर संस्कार पब्लिक स्कूल प्रबंधन पालकों छात्र-छात्राओं के द्वारा प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर शराब दुकान,अवैध रूप से चल रहे आहते हटाने की मांग की गई है, एक सप्ताह से अधिक का समय होने के बाद भी आबकारी,सौसर प्रशासन के द्वारा कोई कार्यवाही नही की गई है,शराब दुकान हटाने एनएसयूआई करेगी उग्र प्रदर्शनशनिवार को जिला एनएसयूआई अध्यक्ष जिमी टाकभवरे के नेतृत्व में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने सौसर थाने के गेट के सामने धरना देकर छिंदवाड़ा मार्ग की शराब दुकान हटाने के लिए विरोध प्रदर्शन करते हुए पुलिस प्रशासन को ज्ञापन सोपा है,एनएसयुआई जिला अध्यक्ष जिम्मी टाकभवरे ने बताया की जिला एनएसयुआई के द्वारा छिंदवाड़ा मार्ग ओमसाई इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के सामने और मोहगांव मुख्य मार्ग पर 24 घंटे संचालित हो रही शराब दुकान को हटाने की मांग को लेकर धरना विरोध प्रदर्शन किया गया है,इन शराब दुकानों, आहतो, के कारण छात्र छात्राओं आम जनमानस, महिलाओं को भारी परेशानी हो रही है, दोनों मुख्य मार्ग के सड़क किनारे संचालित हो रही शराब दुकानों के कारण आए दिन मासूम लोगो की दुर्घटनाओं में जाने जा रही है।

# आशाराम जी पर अत्याचार बन्द हो - शंकराचार्य स्वामी सदानंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी सदानन्द सरस्वती जी द्वारकापीठ के प्रथम नगर आगमन पर पूज्य संत श्री आशारामजी बापू की श्री योग वेदांत सेवा समिति के साधकों ने आत्मिक स्वागत कर पूज्य बापूजी द्वारा देशभर में चलाए जा रहे जनमंगलकारी सेवाकार्यों से अवगत कराया । संस्था से जुड़े समाजिक कार्यकर्ता भगवानदीन साहू ने शंकराचार्य जी को बताया कि पूज्य बापूजी की पावन प्रेरणा से श्री योग वेदांत सेवा समिति वर्ष भर बच्चों , युवा और बुजुर्गों के लिए सेवाकार्य कर सनातन संस्कृति का प्रचार प्रसार करती है। जिसमें विद्यार्थी उज्वल भविष्य निर्माण शिविर , पर्यावरण संरक्षण हेतु तुलसी पूजन , कत्लखानों से बचाई गई हजारों गायों का भरण पोषण , गीता जयंती महोत्सव , छाछ वितरण , आदिवासी क्षेत्रों में भण्डारे एवं 14 फरवरी : मातृ - पितृ पूजन दिवस की सेवा प्रमुख हैं । जिसमें प्रतिवर्ष जिले में 10 से 12 लाख लोग लाभांवित होतें हैं ; देशभर की संख्या करोड़ों में है । श्री साहू ने उन्हें खजरी गौशाला , गुरुकुल और लिंगा आश्रम में आने के लिए आमंत्रित करने के साथ साथ सनातन संस्कृति और संतों पर हो रहे अत्याचारों से भी अवगत कराया । जगतगुरु शंकराचार्य जी ने सेवाकार्यों पर प्रसन्नता जाहिर कर पूज्य बापूजी पर हो रहे अत्याचार का विरोध किया । इस दौरान समिति के अध्यक्ष मदनमोहन परसाई , सुभाष इंगले , विलास घोगे, बबलू सूरज प्रसाद माहोरे , नारायण ताम्रकार , रामराव लोखंडे , कैलाश राउत , गोवर्धन मालवीय ,तिलक सिंह पन्द्राम , अशोक कराडे , भूपेश पहाड़े मुख्य रूप से उपस्थित रहे ।

## पंचतत्व में विलीन हुए व्यवसायी दिनेश बत्रा

**सौंसर।** नगर के मिलनसार हसमुख व्यवसायी दिनेश बत्रा 51 वर्ष नहीं रहे है, शुक्रवार की रात्रि 8 बजकर 39 मिनट में उन्होंने नागपुर में अंतिम सांस ली। मिली जानकारी के अनुसार कपास व्यवसायी दिलीप बत्रा के छोटे भाई दिनेश बत्रा का शुक्रवार के रात नागपुर के निजी अस्पताल में दुखद निधन हो गया,बीते दिनों जामसावली जोड़ के पास में मोटर साइकिल दुर्घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिनका पिछले सप्ताह से नागपुर के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था, शनिवार को सिविल लाइन स्थित निवास स्थान से धार्मिक रीति रिवाज के साथ अंतिम यात्रा निकाली गई, नगर के वार्ड क्रमांक 15 स्थित मोक्षधाम में अंतिम संस्कार कार्यक्रम संपन्न हुआ, इस दौरान बड़ी संख्या में राजनीतिक सामाजिक धार्मिक सांस्कृतिक व्यावसायिक, प्रशासनिक क्षेत्र से जुड़े हुए लोगों, परिजनों, समाज बंधुओ क्षेत्रवासियों ने उपस्थित होकर 2 मिनट का मौन धारण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है। स्वर्गीय दिनेश बत्रा अपने पीछे माताजी,भाई,भाभी,भतीजे,पत्नी और दो पुत्र छोड़ गए है, सौसर प्रेस क्लब सौसर की ओर से भी स्वर्गीय दिनेश बत्रा के दुखद निधन पर दो को 2 मिनट का मौनधारण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए परिजनों को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने ईश्वर से प्रार्थना की है।



# कालीमाटी के बौद्ध विहार में मनाई गई डॉ. बाबा साहेब की 134 वीं जयंती

### बहुजन समाज में जन्मे महापुरुषों के समाज के प्रति त्याग और बलिदान को प्रस्तुत करते हुए संगठन की शक्ति पर डाला प्रकाश



**हरिभूमि न्यूज़ बालाघाट।** जिले के लाँजी क्षेत्र के ग्राम कालीमाटी में प्रज्ञा शील एवं करूणा का संदेश देने वाले करूणा के सागर तथागत गौतम बुद्ध,अखंड भारत के चक्रवर्ती सम्राट अशोक,भारतवर्ष में शिक्षा के जनक महात्मा ज्योतिराव फुले एवं संविधान के शिल्पकार भारतरत्न डॉ बाबा साहेब अंबेडकर की संयुक्त जयंती 15 अप्रैल को भारतीय बौद्ध महासभा ग्राम शाखा कालीमाटी के तत्वाधान में बड़े ही हर्षोल्लास पूर्वक मनाई गई । यह संयुक्त जयंती कार्यक्रम आयु आर के मेश्राम सर्कल अध्यक्ष भारतीय बौद्ध महासभा तह शाखा लाँजी की अध्यक्षता एवं आयु बी आर रामटेके पूर्व अध्यक्ष भारतीय बौद्ध महासभा तह शाखा लाँजी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ । इस अवसर पर आयु देवाजी रामटेके जिला कोषाध्यक्ष (बसपा) बालाघाट, आयु सदाराम जी गजभिये पूर्व अध्यक्ष एवं बौद्ध विहार भूमिदानदाता ग्राम कालीमाटी, आयु करन नगपुरे राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष,आयु आई जी ढोक अध्यक्ष आदिवासी विकास परिषद तह.लाँजी,आयु विजय सोनवाने प्रवक्ता आदिवासी विकास परिषद तह.लाँजी, आयु टुमन घोरमारे सचिव आदिवासी परिषद लाँजी, आयु ज्ञानवंती बोहने सामाजिक कार्यकर्ता, आयु शारदा प्रसाद बोहने वरिष्ट सामाजिक कार्यकर्ता एवं आयु. सुनिता बसोने सामाजिक कार्यकर्ता (कदमटोला ) विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहें । इसी के साथ आयु ईश्वर बंसोड़ करूणागिरी समिति महासचिव कलपाथरी,आयु बी एल खोब्रागढ़े बसपा महासचिव लाँजी,आयु रितेश बौद्ध सामाजिक चिंतक,आयु प्रकाश डोंगरे बीसीएम लाँजी,आयु महेन्द्र बंसोड़ जी एसएसडी अध्यक्ष लाँजी,आयु लक्ष्मीकांत मड़ामे अध्यक्ष बुद्धघोष जनकल्याण समिति लाँजी,आयु प्रमोद भिमटे सामाजिक कार्यकर्ता बिसोनी, आयु .पद्मा मड़ामें सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता लाँजी आदि की गरिमामयी उपस्थिति रही ।

मंचासीन वक्ताओं में सर्वप्रथम बसपा जिला कोषाध्यक्ष आयु. देवाजी रामटेके द्वारा बहुजन समाज में जन्मे महापुरुषों के समाज के प्रति त्याग और बलिदान को सविस्तार प्रस्तुत करते हुए संगठन की शक्ति पर प्रकाश डाला गया । तत्पश्चात करूणागिरि समिति पाथरगांव के महासचिव आयु ईश्वर बंसोड़ द्वारा बाबासाहब के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर संक्षिप्त प्रकाश डाला गया । आदिवासी विकास परिषद लाँजी के प्रवक्ता आयु विजय सोनवाने द्वारा बाबासाहब के द्वारा रचित संविधान पर विस्तृत जानकारी दी गई तथा मंचासीन आयु रितेश बौद्ध द्वारा महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत करते हुए लगातार संघर्ष करते रहने की बात कही गई । कार्यक्रम में उपस्थित बसपा महासचिव लाँजी एवं वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता आयु बी एल खोब्रागढ़े जी के द्वारा अपने उदबोधन में कहा गया कि देश के प्रत्येक नागरिक को भारत के संविधान का अध्ययन करना चाहिए और अपने अधिकारों एवं कर्त्तव्यों से अवगत होना चाहिए । आदिवासी विकास परिषद लाँजी के सचिव आयु टुमन घोरमारे जी के द्वारा कहा गया कि बाबा साहब अंबेडकर के द्वारा बताये गये मार्ग पर चल कर ही हम और हमारा समाज सर्वांगीण विकास कर सकता है । आयु पद्मा मड़ामे द्वारा गीत के माध्यम से बाबासाहब के कृतित्व पर बहुत ही सारगर्भित रूप से प्रकाश डाला गया । कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट अतिथि की आसंदी से राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आयु. करन नगपुरे जी के ओजस्वी वक्तव्य से कार्यक्रम में चार चांद लग गए । आपके द्वारा, बहुजन समाज में जन्में महापुरुषों के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए बहुत ही सारगर्भित एवं सरलतम ढंग से सामाजिक उत्थान की बात कही गई । संयुक्त जयंती समारोह कार्यक्रम में बीच-बीच में बच्चों के द्वारा रिकार्डिंग डांस की प्रस्तुतियों ने भी सभी श्रोताओं का मन मोह लिया ।कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सर्कल अध्यक्ष भा बौ म लाँजी आयु आर.के. मेश्राम द्वारा नारी सम्मान के महत्व पर अपने विचार रखे गये, साथ ही ग्राम कालीमाटी में कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए कार्यक्रम आयोजक समिति को धन्यवाद प्रेषित करते हुए कार्यक्रम समापन की घोषणा की गई ।

### बौद्ध विहार प्रांगण में पूजन वंदन एवं खीर वितरण

ग्राम कालीमाटी के बौद्ध विहार प्रांगण में तथागत गौतम बुद्ध एवं डॉ बाबासाहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमाओं के समक्ष बौद्ध समिति अध्यक्ष आयु दिलीप गजभिये एवं महिला मंडल अध्यक्षा आयु संध्या रामटेके द्वारा दीप प्रज्जवलित करने के पश्चात उपस्थित उपासक उपासिकाओं के द्वारा सामूहिक रूप से पूजन वंदन कर त्रिशरण एवं पंचशील ग्रहण किया गया । उसके पश्चात खीर वितरित की गई ।

इस संयुक्त जयंती समारोह में संपूर्ण कार्यक्रम का कुशल, मनमोहक तथा चित्ताकर्षक मंच संचालन ग्राम बौद्ध समिति कालीमाटी के सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता आयु एन.गजभिये द्वारा किया गया । इस अवसर पर आयु दिलीप गजभिये (बौद्ध समिति अध्यक्ष), सुभाष डहाटे (पूर्वअध्यक्ष),आयु लेखराम गोस्वामी,आयु जितेंद्र ऊके, आयु कैलाश बोम्बर्डे, आयु अनिल गणविर , आयु दिलीप ऊके,मनीराम गजभिये,विक्की गजभिये,लक्की गजभिये, नामाजी गजभिये, आयु.संध्या रामटेके अध्यक्ष महिला मंडल, आयु अशोक ऊके, आयु पुष्पा बोरकर, आयु शकुंतला गजभिये,आयु ज्योति गजभिये,आयु करुणा गोस्वामी, डॉ सुमरनदास बोहने,आयु राजेश भिमटे,आयु मछलेश शेंडे ,आयु प्रकाश बोम्बर्डे,आयु बालचंद कारे , आयु धनेन्द्र ढोक, दीपक, अर्पण, विकास, रानी बोरकर, आरुषी एवं अनेक ग्रामीण जन उपस्थित रहें ।



# अनुसूचित जाति एवं जनजाति के सहायक प्राध्यापक उच्च शिक्षा विभाग के भेदभाव के शिकार

**हरिभूमि वारासिवनी।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग 2003 के तहत बैकलाग पदों पर चयनित सहायक प्राध्यापकों की पदस्थापना 2004 एवं 2005 में प्रदेश के शासकीय महाविद्यालयों में करने के बाद 20 वर्ष गुजर जाने के बाद भी उनकी परिवीक्षा अवधि को समाप्त नहीं किया गया है। जिससे उन्हें मिलने वाले लाभों से वंचित होना पड़ रहा हैं। इस आशय की जानकारी देते हुए डॉ. सुरेन्द्र खंडायत ने बताया कि उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा आरक्षित वर्ग के लिए दोहरे नियमों के कारण अनेकों सहायक प्राध्यापकों 20 वर्षों से आज भी मूल वेतन पर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि परिवीक्षा अवधि के संबंध में मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग के जो नियम सभी शासकीय विभागों पर लागू होते हैं, उसके अनुसार प्रत्येक अधिकारी/कर्मचारी को दो वर्षों से अधिक की परिवीक्षा अवधि पर नहीं रखा जा सकता और यदि उसकी परिवीक्षा अवधि किन्ही कारणों से बढ़ाना हैं, तो उससे संबंधित अधिकारी/कर्मचारी को विभाग के द्वारा पर्याप्त कारणों सहित लिखित सूचना देकर एक वर्ष तक बढ़ायी जा सकती है। मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन के नियमों का उच्च शिक्षा विभाग द्वारा उल्लंघन कर अनुसूचित जाति एवं जनजाति के सहायक प्राध्यापकों की 20 वर्षों तक परिवीक्षा अवधि समाप्त नहीं करना दुर्भाग्यपूर्ण है।

**20 वर्षों से सहायक प्राध्यापकों की परिवीक्षा अवधि नहीं हुई समाप्त**

### 2004-05 में नियुक्त हुए हैं 35 सहायक प्राध्यापक

उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा विभाग में बैठे अधिकारियों द्वारा अनुसूचित जाति एवं जनजाति के सहायक प्राध्यापकों के साथ जानबूझकर भेदभाव किया जा रहा हैं, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। जबकि मध्यप्रदेश के शेष वर्ग के सहायक प्राध्यापकों को यूजीसी एवं उच्च शिक्षा के नियमानुसार ही वेतनमान के लाभ दिया जा रहा है। 2004-2005 में नियुक्त सहायक प्राध्यापकों की निर्धारित समय अवधि में ही पीएचडी/नेट एवं सेट समय पर हो गया हैं, उन्हें भी नियमानुसार वेतनमान देने से वंचित रखा जा रहा है। वर्तमान में बालाघाट जिले के शासकीय महाविद्यालयों में 2004-2005 में नियुक्त कुल 35 सहायक प्राध्यापक कार्यरत हैं, जिनमें से 07 की अब तक परिवीक्षा अवधि समाप्त नहीं हुई। जबकि सभी 35 को नियमानुसार मिलने वाले वेतनमान के लाभों से वंचित रखा गया है। डॉ. सुरेन्द्र खंडायत ने उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों से मॉग की हैं कि बालाघाट जिले के जिन 7 सहायक प्राध्यापकों की परिवीक्षा अवधि समाप्त नहीं की गई हैं, उनकी परिवीक्षा अवधि समाप्त की जाए और सभी 35 सहायक प्राध्यापकों को नियमानुसार वेतनमान के लाभ प्रदान किया जाये।

# गॉव चलो बस्ती चलो अभियान के तहत भाजपा नेता पहुॅचे छिन्दीटोला

### ग्रामीणों से मुलाकात कर जानी समस्याएॅ, निराकरण का दिया आश्वासन



**हरिभूमि वारासिवनी।** भाजपा के प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार गांव चलो बस्ती चलो कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत जागपुर के ग्राम छिंदी टोला में उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भाजपा की नीतियों और कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाना तथा स्थानीय लोगों की समस्याओं और सुझावों को सीधे सुनना था। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10 बजे महापुरुषों के छायाचित्र पर माल्यार्पण करके किया गया। कार्यक्रम में वारासिवनी नगर मंडल अध्यक्ष संदीप मिश्रा, महामंत्री सुनील पिपरेवार, उपाध्यक्ष जगदीश नेमा, मीडिया प्रभारी मयंक मिश्रा, जागपुर छिंदी टोला के कार्यकर्ता कन्हैया लाल नगपुरे, भोजलाल बिसेन, बूथ अध्यक्ष अनिल मुरारी, जागपुर बूथ अध्यक्ष शशिकांत पारधी, संतोष रामू सहारे, उप सरपंच नागेश्वर पारधी, जयचंद पारधी, दिलीप पारधी, शैलेंद्र बिसेन, मूलचंद पारधी, यशवंत राव पारधी, हिम्मत लाल ठाकरे, लक्ष्मण पारधी, हरिराम ठाकरे, अशोक हनवत, महेंद्र नेवरे, आशीष हनवत, दीपचंद पारधी, देवेंद्र पारधी बूथ अध्यक्ष, शशिकांत पारधी, श्यामलाल मसराम, मुन्नालाल बिसेन, राधेलाल भोयर बूथ अध्यक्ष, शुभम बिसेन, दीवान पारधी, विशाल हरिनखेड़े, प्रताप बिसेन, सुभाष भरडे, जितेंद्र पारधी, राजकुमार, सुरेश पारधी, चंद्रसेन बिसेन, राम गिरि गोस्वामी, दशरथ पारधी, एक लाल ठाकरे, संतोष खरोले एवं जागपुर छिंदी टोला के समस्त पदाधिकारी और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।



### शिक्षा, स्वास्थ्य व रोजगार की जानकारी दी

भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष संदीप मिश्रा एवं महामंत्री सुनील पिपरेवार ने जागपुर छिंदी टोला की विभिन्न बस्तियों में घर-घर जाकर लोगों से संपर्क किया। उन्होंने पार्टी की जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने पार्टी के दृष्टिकोण और विकास योजनाओं पर भी चर्चा की।

# सेवा कार्यो के लिए मानव अधिकार आयोग मित्र विशिष्ट सेवा सम्मान से सम्मानित

### प्रदेश सचिव नरहरि ने दिया सम्मान, यूनेस्को क्लब ने किया सम्मानित

**हरिभूमि बालाघाट।** मानव अधिकारो के साथ ही महिलाओं के शैक्षणिक, सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण, लैगिंग समानता, वूमन ट्रेफेकिंग जैसे अन्य सामाजिक कार्यो में अहम भूमिका निभाने वाले, जिले की मानव अधिकार आयोग मित्र फिरोजा खान को विशिष्ट सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया है। दरअसल, यूनेस्को क्लब ऑफ गुंटुर ने विगत दिनों, प्रभाकर भवन हैदराबाद में विशिष्ट सेवा सम्मान समारोह आयोजित किया गया था। जहां मुख्य अतिथि प्रदेश शासन के मुख्य सचिव आईएएस पी. नरहरि के हस्ते आयोग मित्र फिरोजा खान को य सम्मान प्रदान किया गया। इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे यूनेस्को एशोसिएशन सेक्रेटरी जनरल योगेश कुलश्रेष्ठ, कार्यक्रम प्रभारी परमेश्वर राव सहित अन्य उपस्थित थे। यूनेस्को के विशिष्ट सेवा सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए प्रमुख सचिव पी. नरहरि ने कहा कि समाज में निस्वार्थ भावना से सेवा कार्यो को सदा प्रोत्साहित करना चाहिए।



## खबर संक्षेप

### मातृधाम में नवनिर्मित मंदिर में मां गिरिजा देवी के दिव्य विग्रह का अनावरण पर त्रिदिवसीय आयोजन

हरिभूमि न्यूज सिवनी। पूज्यपाद जगद्गुरु शंकराचार्य जी महाराज ने अपनी जन्मदात्री मां श्रीगिरिजा देवी एवं परमाराध्या भगवती श्रीमाता ललितेश्वरी त्रिपुर सुंदरी में प्रतिष्ठित कर मातृदेवोभव का महान सनातनी संदेश मातृधाम की पावन धरा से दिया। मातृधाम में नवनिर्मित मंदिर मां गिरिजा देवी का एवं साथ में उनके पिता एवं माताश्री के दिव्य विग्रह का अनावरण 23 अप्रैल को पूज्यपाद द्वारका-शारदापीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री सदानन्द सरस्वती जी महाराज, परमपूज्य ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरान्द सरस्वती जी महाराज के करकमलों से होगा। इस शुभावसर पर पंचाग्निपीठ के आचार्य महामण्डलेश्वर ब्रह्मर्षि श्रीरामकृष्णानन्द जी महाराज, पूज्यपाद जगद्गुरु शंकराचार्य जी महाराज के निज सचिव पूज्य श्री सुबुद्धानन्द सरस्वती जी महाराज एवं अनेक साधु-संत,विद्वतजन उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर त्रिदिवसीय आयोजन 21 से 23 अप्रैल 2025 होगा। इस अवसर प्रतिदिन 4 बजे से धर्मसभा एवं भजन संध्या का आयोजन होगा। 23 अप्रैल को मध्याह्न में विशाल भण्डारा का आयोजन किया गया है। मातृधाम में आयोजित होने त्रिदिवसीय आयोजन में सम्मिलित हो पुण्य लाभ अर्जित करने का अनुरोध मां गिरिजा देवी जन्मस्थान महोत्सव समिति मातृधाम द्वारा किया गया है।

# मक्का की खड़ी फसल में लगी आग



**लगभग 5 एकड़ में लगी फसल जलकर हुई खाक**

19 अप्रैल को सिवनी जिले के बंडोल थाना क्षेत्र अंतर्गत वाले ग्राम बीसापुर में इंद्राबाई राय, सोनू सुधीर राय के लगभग 5 एकड़ खेत में लगे मक्का की खड़ी फसल में आग लग गई आग लगने की घटना के बाद आसपास के किसान भी एकत्रित हो गए और फसल को बुझाने का प्रयास करते रहें।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

स्थानीय लोगों ने दमकल वाहन को भी सूचित किया था लेकिन जब तक दमकल वाहन मौके पर पहुंचा जब तक खेत में लगी मक्का की खड़ी फसल जल कर खाक हो गई थी फसल जलने के कारण किसान का काफी नुकसान हो गया।

# दरिया में शावकों के साथ पानी पीती बाघिन

पेंच टाइगर रिजर्व में पर्यटकों को सफारी के दौरान एक बाघिन अपने तीन शावकों के साथ पानी पीती नजर आई। पर्यटकों ने इस खास पल को अपने कैमरे में कैद कर लिया। जो रविवार को सामने आया है। गर्मी के मौसम में वन्यजीव पानी की तलाश में जंगल से बाहर आ रहे हैं। इससे पर्यटकों को बाघों को देखने का बेहतर मौका मिल रहा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

रिजर्व में बीजामट्टा बाघिन, पाड़देव बाघिन, लक्ष्मी बाघिन, काला पहाड़ बाघिन के साथ एल मार्क और स्वास्तिक नर बाघ भी दिखाई देते हैं। पेंच राष्ट्रीय उद्यान 1179 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला है। यहां 325 प्रजातियों के पक्षी पाए जाते हैं। पार्क के कोर क्षेत्र में 82.30 वर्ग किलोमीटर में 116 किलोमीटर के कच्चे रास्तों पर



सफारी कराई जाती है। पर्यटकों को प्रकृति और वन्यजीवों से रूबरू कराने के लिए 150 से अधिक प्रशिक्षित गाइड हैं। इनमें महिला गाइड भी शामिल हैं। सबसे ज्यादा पर्यटक दुरिया गेट से पेंच पहुंचते हैं। खवासा के तेलिया बफर में डे-नाइट सफारी की सुविधा भी उपलब्ध है। वर्तमान में रिजर्व में पर्यटकों की भीड़ उमड़ रही है। रविवार को सबसे ज्यादा पर्यटक आते हैं।

# वेयर हाउस खरीदी कन्द्रों में चल रही धांधली, 2 किलो अधिक लिया जा रहा गेहूं

## खरीदी प्रभारी द्वारा किसानों का शोषण अधिकारी मौन -धन सिंह ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ मध्य प्रदेश प्रांत महामंत्री धन सिंह ठाकुर द्वारा बताया गया कि, गेहूं उपार्जन नीति पर शासन प्रशासन का अधिकारी द्वारा मजाक उड़ाया जा रहा है किसानों के द्वारा शासन प्रशासन को अवगत कराने के बाद भी वेयरहाउस में खरीदी प्रभारी के द्वारा अतिरिक्त गेहूं 2 किलो प्रति कुंतल लिया जा रहा है और हमारे जिले के अधिकारियों को शिकायत करने के बाद कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है

महामंत्री द्वारा किसानों की चिंता जाहिर करते हुए जिला प्रशासन के माध्यम से किसानों का 2 किलो प्रति क्विंटल अतिरिक्त गेहूं का भुगतान किया जाना अति आवश्यक है विनी जिले के सभी वेयर हाऊस उपार्जन केदो में खरीदी प्रभारी द्वारा किसानों से अतिरिक्त 2 किलो गेहूं लेने से जिले के किसानों में असंतोष व्याप्त है गेहूं खरीदी प्रभारी के द्वारा जबरदस्ती दबाव डालकर 2 किलो गेहूं लिया जा रहा है जिसकी शिकायत ग्राम के किसानों ने सीएम हेल्पलाइन में की है और अधिकारी मौन है किसानो की समस्याओं का निरीक्षण नहीं किया जा रहा है जिसे हमारे जिले के सभी वेयरहाउस में खरीदी प्रभारी अतिरिक्त गेहूं ले रहे हैं



किसानों ने बताया कि जबरदस्ती खरीदी प्रभारी दबाव डाल रहे हैं और 2 किलो प्रति कुंतल कम गेहूं की पर्ची बनाकर भेज रहे हैं।

# मानसिक विक्षिप्त ने खुद का काटा गला

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले के किंदरई थाना अंतर्गत दादरी ग्राम में मानसिक विक्षित ने खुद का गला काट लिया जिसे मेडिकल कालेज रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार दादरी ग्राम निवासी तीरथ मसराम पिता भागू लाल मसराम उम्र 40 वर्ष अपने घर पर था और घर के लोग बाहर कुछ काम कर रहे थे अज्ञात कारणों के चलते किचिन में रखी चाकू से तीरथ ने अपना गला काट लिया। इस बात की सूचना परिजनों ने किंदरई पुलिस और 108 वाहन में दी। जिसके बाद



घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफर कर दिया। वही सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस घटनाक्रम की जांच कर रही और यह लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि मानसिक विक्षित ने यह कदम क्यों उठाया।

किंदरई थाना प्रभारी जी.एस. राजपूत का कहना है कि जानकारी प्राप्त हुई थी कि एक मानसिक विक्षित ने ख़ुद के गले मे चाकू मार लिया है। फिलहाल घटनाक्रम की जांच की जा रही है।

# प्रांतीय शिक्षक संघ की कार्यकारणी घोषित

**घंसौर।** मध्य प्रदेश प्रांतीय शिक्षक के प्रांताध्यक्ष मनोहर दुबे की अनुशंसा पर जिला अध्यक्ष श्रवण डहरवाल ने सिवनी जिले में प्रांतीय शिक्षक संघ की कार्यकारणी की घोषणा की है जिसमे सिवनी ब्लॉक में अध्यक्ष श्रीमति भारती पटवा सचिव ओमकार सनोडिया कोषाध्यक्ष राजेश कुमार राय,घंसौर ब्लाक अध्यक्ष पद पर नारायण सिंह राजपूत,केहर सिंह उइके को कार्यकारी ब्लाक अध्यक्ष सचिव का दायित्व मनोज यादव कोषाध्यक्ष सरदार सिंह डेहरिया,बरघाट ब्लॉक में अध्यक्ष रविन्द्र ठाकरे,सचिव विजय विसेन, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र माडवे, करई ब्लॉक में अध्यक्ष दिनेश सूर्यवंशी, सचिव श्याम लाल उइके, कोषाध्यक्ष सुनील राय,छपारा ब्लॉक में अध्यक्ष ज्ञानी राजपूत,सचिव मनीराम बेस, कोषाध्यक्ष रघुवीर डेहरिया,लखनादौन ब्लॉक में अध्यक्ष लाल सिंह पटेल सचिव राजाराम राय,कोषाध्यक्ष ज्ञानी भोयर,धनोरा ब्लॉक में अध्यक्ष राघराज पटेल,सचिव संजय मरकाम, कोषाध्यक्ष गणेश शिवहरे केवलारी ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार बघेल, कार्य.अध्यक्ष लक्ष्मी राजपूत, सचिव रीतेश अवस्थी को मनोनीत किया गया है । जिला अध्यक्ष श्रवण डहरवाल ने सभी पदाधिकारियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि ब्लॉक स्तर पर अपनी कार्यकारणी का विस्तार करे आपसी सामंजस्य से सभी वर्ग के शिक्षको को कार्यकारणी में स्थान दिया जाए सभी पदाधिकारियों से अपेक्षा की है कि शिक्षको की समस्याओं एव मांगो को तीव्र गति से कार्यवाही कराएं।

# मोहगांव जलाशय परियोजना के केनाल एक्वाडक्ट के पुनर्निर्माण कार्य का सांसद कुलस्ते ने किया भूमिपूजन

**इस अवसर पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की भी सहभागिता रही। उल्लेखनीय हैं कि घंसौर अनुविभाग अंतर्गत मोहगांव जलाशय परियोजना का निर्माण वर्ष 1981 में पूर्ण हुआ था।**

जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जिलें में जल संरचनाओं का संरक्षण एवं उनके पुनर्जीवित की दिशा में कार्य किये जा रहे हैं। अभियान अंतर्गत विगत दिवस सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने घँसौर विकासखंड के मोहगांव जलाशय परियोजना की 1440 मीटर में केनाल एक्वाडक्ट (केनाल ब्रिज) के पुनर्निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

जलाशय की 2.74 मि.घ.मी. जल संग्रहण क्षमता है। जलाशय से सिंचाई के साथ ही घंसौर ग्राम पंचायत को पेयजलापूर्ति के लिए पानी दिया जाता है।



मोहगांव जलाशय से ग्राम मोहगांव, तिलगांव, खैरी, पीपरटोला, कुर्मीठेल के किसानों की 500 हेक्टेयर भूमि में रबी सिंचाइ का कार्य होता है। लगभग डेढ वर्ष पूर्व 07/09/2023 को नहर का एक्वाडक्ट गिर जाने के कारण जलाशय से लगभग 400 हेक्टे. रकबा सिचाई से प्रभावित रहा है। जिसके पुर्ननिर्माण का प्रस्ताव विभाग द्वारा प्रस्तुत किया गया तथा दिनांक 30/07/2024 को शासन द्वारा निर्माण हेतु रुपए 42.21 लाख की प्रशासकीय

# कोतवाली पुलिस एवं यातायात पुलिस द्वारा की गई संयुक्त चालानी कार्यवाही

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के निर्देशन में ए.एस.पी गुरूदत्त शर्मा एवं सी.एस.पी पूजा पांडे के मार्गदर्शन में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतीश तिवारी, यातायात प्रभारी विजय बघेल थाना कोतवाली स्टाफ एवं यातायात स्टाफ के द्वारा संयुक्त वाहन चैकिंग करते हुए मोटर व्हीकल के विभिन्न धाराओ के तहत 261 वाहन चालको के विरूद्व चालानी कार्यवाही कर 1,12,000 समन शुल्क वसूला गया। बिना हेल्मेट के वाहन चलाना, अमानक नंबर प्लेट के वाहन चलाना, सीट बेल्ट न लगाना, बिना



बीमा के वाहन चलाना एवं शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालको के विरूद्व कार्यवाही की गई है। अपील :- कोतवाली पुलिस द्वारा आम नागरिको से अपील की गई की टू व्हीलर/फोर व्हीलर वाहनो में हाई सिक्योरटी की नंबर प्लेट लगवाये, तीन सवारी टू व्हीलर पर बैठ कर न चले, बिना हेलमेट के वाहन न चलाये, बिना बीमा के वाहन न चलाने की अपील की गई।

# भीमगढ़ नवीन जलार्वधन योजना तत्कालीन शहरी विकास मंत्री कमलनाथ की देन है-कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

भीमगढ़ बॉध कांग्रेस की पूर्व नेता स्व.विमला वर्मा, भीमगढ़ से सिवनी जलापूर्ति त्रिविभागीय मंत्री स्व. हरवंशसिंह जी, 1996 में भीमगढ़ नवीन जलार्वधन योजना 2013 में तत्कालीन शहरी विकास मंत्री कमलनाथ जी की देन है। माचागोरा डेम 1986 जिस बांध से सिवनी के लिए आज पानी जलापूर्ति के लिए छोड़ा गया है, सिवनी नगर में जलापूर्ति के लिए कांग्रेस के नेताओं का योगदान रहा है जिसके कारण इस तरह के जल संकट का सामना सिवनी में नही आया था। वर्तमान का जल संकट बालाघाट सांसद श्रीमती भारती पारधी की हटधर्मिता और सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन की अदूरदर्शिता के कारण आया है। नगर में जल संकट को ध्यान में रखते हुये जिला कांग्रेस द्वारा कांग्रेस कार्यकतार्ओं से आव्हान किया गया था कि वे अपने साधन से टेंकर, टेक्टर के व्यवस्था कर 24 वार्डो में बिना किसी भेदभाव के लोगो को पानी बाटने का कार्य कर रहें है। और कांग्रेस के कार्यकर्ता टैंकर-ट्रेक्टर लेकर पानी वितरण का कार्य करने लगे।

# आस्था का केंद्र बना रुद्रावतार हनुमान मंदिर

## प्रत्येक सप्ताह शनिवार और मंगलवार को हो रहा सुंदरकांड पाठ



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

जिला मुख्यालय के जिला अस्पताल के मुख्य गेट के बाजू जबलपुर रोड सिवनी में स्थित रुद्रावतार हनुमान मंदिर आस्था का केंद्र बना हुआ है।इस मन्दिर में प्रति सप्ताह में शनिवार और मंगलवार को



संध्याकालीन होने वाले सुंदरकांड में भक्तों का सैलाब उमड़ रहा है। मंदिर के मुख्य पुजारी अर्जुन पंडा ने बताया कि शनिवार को सर्वप्रथम हनुमान जी महाराज का प्रातः 7 बजे से वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ दूध,दही,शहद, घी,गंगाजल एवं पंचामृत से अभिषेक किया गया। तत्पश्चात हनुमान जी महाराज का विशेष चोला श्रृंगार किया गया,जो कि आकर्षण का केंद्र रहेगा। वही चोला श्रृंगार के बाद श्री राम स्तुति,हनुमान चालीसा का पाठ एवं आरती की गई। उसके बाद शाम 6 बजे से मंदिर में संगीतमय सुंदरकांड का पाठ किया गया। सुंदरकांड पाठ के बाद श्रीराम स्तुति,हनुमान चालीसा और हनुमान जी महाराज की महाआरती की गई। महाआरती के बाद रामभोज का वितरण किया गया।जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओ ने रामभोज प्रसाद ग्रहण किया। पुजारी अर्जुन पंडा ने बताया कि हनुमान जी महाराज के दर्शन मात्र से ही भक्तों की सभी मनोकामना पूरी होती है। वही मनोकामना पूर्ण होने वाले श्रद्धालुओ द्वारा प्रति सप्ताह शनिवार और मंगलवार को चोला श्रृंगार एवं रामभोज के लिये मंदिर समिति में सहयोग राशि दी जाती है,जिससे हनुमान जी महाराज का चोला श्रृंगार और रामभोज प्रसाद का वितरण किया जाता है। गौरतलब है,कि वर्षो से नित्य प्रति सप्ताह शनिवार और मंगलवार को शाम 6 बजे से सुंदर कांड का पाठ एवं रामभोज प्रसाद का वितरण किया जा रहा है,जो क्रम निरंतर जारी है।

# जल संकट से इंसान के साथ-साथ पशु-पक्षी भी हलाकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

जिला प्रशासन तथा जिले के नेता भले ही जल समस्या को लेकर चिन्तित नजर आ रहे हो लेकिन इस दिशा में कोई स्थाई ठोस कार्य जमीन पर नहीं दिख रहा है। नगर में जहां जल संकट गहराया है वहीं इंसानों के साथ-साथ पशु-पक्षियों का भी जीना मुश्किल हो रहा है। पालतू, जंगली व आवारा भटकने वाले पशु इस गर्मी के मौसम में पानी के लिए इधर उधर भटकने को मजबूर हैं। पशुओं को बूंद-बूंद पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। जहां कहीं भी गड्ढों में जमा पानी मिलता है पशु उस ओर टूट पड़ते हैं। यह हालात साबित करता है कि आने वाले दिनों में यदि इस पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया तो स्थिति और भी भयावह हो सकती है। पशुओं के सामने उत्पन्न पेयजल संकट उनकी जान पर बनता जा रहा है। प्यास से हलाकान पशु नालियों के गंदे पानी तक पीने को मजबूर हैं। परिणामस्वरुप कई प्रकार की बीमारियों से वह भी आक्रांत होते जा रहे हैं। यही स्थिति परिंदों के साथ भी लागू होती है।पशु पक्षियों के संरक्षण को लेकर बड़े-बड़े व्याख्यान दिए जाते हैं। जरुरत है बाहर निकलकर जमीन पर कार्य करने की ताकि हलक की प्यास बुझाने के लिए पशुओं व पक्षियों को भटकना न पड़े।

# संसाधनों के अंतहीन दोहन से बढ़ रहा धरती का तापमान-राज कुमार सिन्हा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पृथ्वी का निर्माण करीब 4.6 अरब साल पहले हुआ था। पृथ्वी पर जीवन का विकास करीब 460 करोड़ वर्ष पहले हुआ था। परन्तु धरती तो तब से संकट में है,जब से मनुष्य अपना नाम दर्ज करा कर उसका मालिक बन बैठा है। उसने यह मानने से इंकार कर दिया है कि मनुष्य के नाते वह भी प्रकृति का हिस्सा है। मनुष्य और प्रकृति एक दूसरे के पूरक हैं। दोनों का साथ और सहयोग ही पृथ्वी को हरा-भरा और खूबसूरत बना सकता है। लेकिन हम सभी इस पूरकता को भूलते जा रहे हैं। मनुष्य के सहयोग से उपभोग की बढ़ती लालसाओं का ही परिणाम है कि जल, जंगल और जमीन की समस्या आज सभी समस्याओं में केंद्रीय समस्या बनकर उभर रही है। पृथ्वी केवल मनुष्य की नहीं है बल्कि इस जगत में व्यापत सभी प्राणियों की है। इन सभी के सहयोग व सहचर्य के कारण पृथ्वी जीवित है।आज व्यक्ति व सामाजिक हितों की टकराहट के कारण पृथ्वी में असंतुलन की स्थितियां पनप रही है। आधुनिक जीवनशैली की प्रवृत्तियों ने प्रकृति के साथ हमारे संबंधों को तनावपूर्ण बना दिया है, जिससे स्थिरता में कमी आई है। यह समस्या अब गंभीर हो चुकी है और इसका समाधान यही है कि हम प्रकृति के साथ ऐसा संबंध स्थापित करें जो उसके सम्मान, संरक्षण एवं संतुलन को बनाए रखे। हमें प्रकृति के साथ शांतिपूर्ण व्यवहार करते हुए ऐसे रहना होगा जैसा कि हम उसका एक साधारण अंश मात्र हैं। आधुनिकता के चलते मनुष्य प्रकृति से दूर होता जा रहा है, जिससे कई समस्याएं पैदा हो रही है। वहीं, प्रकृति में रहने से रचनात्मकता बढ़ती है।भारत की बात करें तो इंग्लैंड स्थित ह्ययूटिलिटी बिडरह्ल की एक रिपोर्ट के अनुसार, पिछले तीस वर्षों में 6,68,400 हेक्टेयर जंगल देश ने खो दिया है। वर्ष 1990 से 2020 के बीच वनों की कटाई की दर में भारत दुनिया के दूसरे सबसे बडे देश के रूप में उभरा है। ग्लोबल फारेस्ट वाच ने यह भी बताया है कि 2013 से 2023 तक 95 प्रतिशत वनों की कटाई प्राकृतिक वनों में हुई है।जैव-विविधता पर अंतर-सरकारी निकाय (आईपीबीईएस) के अनुसार, पृथ्वी की सतह का तीन-चौथाई हिस्सा पहले ही मानव जाति के लालची उपभोग के कारण काफी हद तक बदल चुका है और दो-तिहाई महासागरों का क्षरण हो चुका है। पहले के मुकाबले 10 गुना ज्यादा तेजी से पिघल रहे हैं हिमालय के ग्लेशियर, भारत में गहरा सकता है जल संकट।वेटलैंड इंटरनेशनल के अनुसार भारत की करीब 30 प्रतिशत आर्द्रभूमि पिछले तीन दशकों में विलुप्त हो चुकी है। आद्रभूमि (वेटलैंड) हमारा सबसे प्रभावी पारिस्थितिकी तंत्र है। ये कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित कर तापमान कम करने और प्रदुषण घटाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। बीसवीं सदी के दौरान मानव जनसंख्या में तीन गुना की वृद्धि हुई है और दुनिया का सकल घरेलू उत्पाद बीस गुना बढ़ा। ऐसे विस्तार ने इस ग्रह की पारिस्थितिकी पर लगातार दबाव बढ़ाया।हर जगह जब हम वायुमंडल, समुंद्र, जलाशय, जंगल, मिट्टी को देखते हैं तो यह स्पष्ट होता है कि पारिस्थितिकी में बहुत तेजी से गिरावट हो रही है। उन्नीसवीं सदी के जर्मन दार्शनिक शोपेनहावर ने एक बार कहा था कि एक आदमी जैसा चाहे जी सकता है। लेकिन वो जो चाहता है वह नहीं चाह सकता है।

# डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर केवलारी महाविद्यालय में विचार गोष्ठी एवं व्याख्यान कार्यक्रम जन अभियान परिषद केवलारी द्वारा आयोजित

**केवलारी।** दिनांक 20 अप्रैल 2025 को शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय केवलारी में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में जन अभियान परिषद विकासखंड केवलारी के ब्लॉक समन्वयक अशोक बेंद्रे जी के मार्गदर्शन एवं गरिमामयी उपस्थिति में एक विचार गोष्ठी एवं व्याख्यान कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. अंबेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में निलेश तिवारी (कनिष्ठ अभियंता), अध्यक्षता कमलेश डेहरिया (सरपंच, ग्राम पंचायत धुटेरा) ने की, वहीं मुख्य वक्ता के रूप में मती नीलिमा राजू मेहरा (एडवोकेट) और विशिष्ट अतिथि के रूप में अशोक बंदेवार (सामाजिक कार्यकर्ता) उपस्थित रहे। कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते





हुए ब्लॉक समन्वयक अशोक बेंद्रे ने कहा कि "डॉ. अंबेडकर के विचार आज भी समाज को समरसता और समानता की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। बाबा साहब का जीवन संदेश युवाओं के लिए एक मार्गदर्शक है।"

विशिष्ट अतिथि अशोक बंदेवार ने कहा जातिगत अपमानों के बावजूद अंबेडकर जी ने ऐसा संविधान रचा, जो आज भी समता और समानता का प्रतीक है। वे भारत ही नहीं, बल्कि सम्पूर्ण विश्व के लिए प्रेरणास्रोत हैं।" कार्यक्रम अध्यक्ष कमलेश डेहरिया ने अपने वक्तव्य में कहा कर्मों से ही व्यक्ति की पहचान बनती है। बाबा साहब ने यह सिद्ध कर दिया कि महानता जन्म से नहीं, विचारों और कर्मों से प्राप्त होती है।" मुख्य अतिथि निलेश तिवारी ने कहा डॉ. अंबेडकर समाज का सबसे बड़ा आईना हैं। उनके विचारों पर चलकर हम न केवल महान बन सकते हैं, बल्कि समाज में समानता, स्वतंत्रता और न्याय की स्थापना भी कर सकते हैं। हमारे लिए सबसे पहले संविधान है, फिर धर्म।" मुख्य वक्ता मती नीलिमा राजू मेहरा ने डॉ. अंबेडकर के जीवन संघर्षों का उल्लेख करते हुए युवाओं को शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो का मूलमंत्र अपनाने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर नवांकुर संस्था प्रमुख मती नानबाई जंघेला (नव चेतना समिति सचिव), राजिक मंसूरी (न्यू प्रगतिशील समिति के उपाध्यक्ष), प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष राजेंद्र डेहरिया, भूतपूर्व छात्र एवं सामाजिक कार्यकर्ता कमल साहू, तथा महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राधेश्याम बंदेवार (परामर्शदाता) ने प्रभावशाली ढंग से किया। समापन अवसर पर आभार प्रदर्शन बालकराम डेहरिया (परामर्शदाता) द्वारा व्यक्त किया गया। कार्यक्रम की सफलता में मोतीराम हरदुआ, रामकृष्ण डेहरिया, सु कलावती ठाकुर सहित नवांकुर संस्था प्रमुख, प्रस्फुटन समिति के सदस्य एवं समस्त मेंटर्स का विशेष सहयोग रहा। यह कार्यक्रम बाबा साहब के विचारों को आत्मसात कर सामाजिक समरसता और समानता की दिशा में युवाओं को प्रेरित करने के उद्देश्य से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### विधायक जी सड़क पर नहीं अब सदन पर मुद्दा उठाने की बारी

# जीवनदायिनी नदियों का हुआ सत्यानाश

**हरिभूमि न्यूज़ कटंगी।**

चतुर इंसानों के पैसों की भूख, नदियों में बेतहाशा रेत का अवैध उत्खनन, जनप्रतिनिधियों, अफसरों, रेत ठेकेदारों का गठजोड़ और निक्कमेपन, छोटी-बड़ी सभी नदियों में बेजा अतिक्रमण और मिश्रित वनों की अंधाधुंध कटाई. यह वह तमाम बुनियादी कारण है जिस वजह से बालाघाट जिले की प्रमुख जीवन रेखा बैनगंगा, बावनथड़ी, बाघ, सोन और चंदन जैसी छोटी-छोटी सहायक नदियों का आज अस्तित्व समाप्त होने लगा है. यह नदियां बीते कई दशकों से बालाघाट जिले की सभी तहसीलों की कृषि, जल आपूर्ति और पर्यावरण के लिए बेहद महत्वपूर्ण थी लेकिन बीते कुछ सालों में इन नदियों का अस्तित्व ही सिमटता जा रहा है. जिले के अलग-अलग हिस्सों में बड़ी नदियों की छोटी सहायक नदियां नाले के रुप में तब्दील हो गई है. वर्षा आधारित इन नदियों के प्राकृतिक प्रवाह को बांध, नहरों और सिंचाई परियोजनाओं ने बाधित किया. वहीं बची-कुची कसर रेत माफियाओं ने पूरी कर दी है. आलम यह है कि आज बालाघाट जिले को जल अभावग्रस्त जिला घोषित करना पड़ गया है. बालाघाट जिले की कटंगी तहसील की प्रमुख बावनथड़ी और चंदन नदी से मनमाना रेत उत्खनन होने से नदी का सत्यानाश हो चुका है. नदी के भीतर की कुंओं में भी पानी नहीं है. यह साफ संकेत है कि नदियों के हाल-बेहाल है.



कटंगी क्षेत्र की नदियों के संरक्षण की दिशा में क्षेत्रीय विधायक गौरव सिंह पारधी जरूर जमीनी स्तर पर लोगों को जागरूक कर रहे है. उनके इस प्रयास ने रेत के अवैध उत्खनन को जनमानस के बीच चर्चा का एक मुद्दा भी बना दिया है. मगर, सिर्फ लोगों में जागरूकता लाने से नदियों को समाप्त होने से नहीं बचाया जा सकता. विधायक को सदन के भीतर नदियों के अस्तित्व के विषय को उठाना होगा. तब कहीं जाकर गहरी नींद में सोई सरकार नींद से जागेगी. जनता अगर रेत के अवैध उत्खनन को रोकने के लिए जागरूक हो भी जाए तो इससे केवल ग्रामीण इलाकों में विवाद बढ़ेगे. क्योंकि रेत का अवैध कारोबार सिर्फ बाहरी ठेकेदार ही नहीं बल्कि क्षेत्र में बैठे हुए वह लोग भी धड़ल्ले से कर रहे है. जिन्हें राजनीतिक दलों और नेताओं का संरक्षण प्राप्त है. खैर, गौर करने वाली बात यह कि विधायक गौरव सिंह पारधी के पहले कटंगी के किसी भी विधायक ने नदी बचाओ का नारा नहीं दिया. यानी गौरव सिंह पारधी नदियों के अस्तित्व को लेकर चिंतित तो है लेकिन उनकी यह चिंता लोगों में जागरूकता लाने से दूर नहीं होने वाली. विधायक को सदन के भीतर अपनी ही सरकार से लोहा लेना होगा. तब कहीं जाकर नदियों में होने वाला रेत का अवैध उत्खनन और अतिक्रमण हटाया जा सकता है और वर्षा आधारित यह नदियां पुनर्जीवित हो सकती है. नदियों को बचाने के लिए नदी के भीतर ही वर्षा जल संचय और भूजल पुनर्भरण को बढ़ावा देना होगा.

#### नदियों के किनारे बसें गांव प्यासें

बालाघाट जिले की लगभग सभी प्रमुख नदियां का उद्गम स्थल सिवनी जिले के मुंडारा और इसके आस-पास में है. जब हमने इन उद्गम स्थलों के आस-पास के गांवों के हालातों की पड़ताल की तो यहां भी पेयजल संकट उभर कर आया. कटंगी क्षेत्र की बावनथडी नदी की बर्बादी का असर भोंडकी, बड़पानी, महकेपार, मासुलखापा, कोडबी, दिग्धा, आंजनबिहरी, बम्हनी, बोनकट्टा, हरदोली, पुलपुट्टा, हरीटोला, हेटी, छतेरा, चंद्रकुआ, टुईयापार, टेकाडी, चिचोली, शंकर पिपरिया, डोंगरिया, मोवाड़ और महाराष्ट्र के चांदमारा, लोभी, डोंगरी बुजुर्ग, आष्टी, नाकाडोंगरी, पाथरी, बावनथड़ी, धुटेरा, सक्करधरा, कवलेवाडा, घानोड, सोंडिया, महेगांव, बपेरा, महालगांव, टेमनी, गोबरवाही, वारपिंडकेपार, सितासांवगी, चिखला(माईन), राजापुर में पड़ रहा है. वहीं चंदन नदी के समाप्त होने से इसका व्यापक असर लोहमारा, कोड़मी, उजाड़बोपली, सिंगोड़ी, उमरी, सेलवा, सांवगी, अतरी, बाहकल, जराहमोहगांव, पांजरा, अंसेरा सहित अन्य दर्जनों गांव पर पड़ा है. इन गांवों में पेयजल योजना और सिंचाई का कार्य प्रभावित हो रहा है.

# बंगाल में हिंदुओं पर अत्याचार को लेकर विहिप का प्रदर्शन

### सड़क पर उतरकर लगाये नारे, ममता सरकार को हटाकर राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग

**हरिभूमि न्यूज़ बालाघाट।**

पश्चिम बंगाल में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में विश्व हिंदू परिषद ने सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया। काली पुतली चौक में 20 मार्च की दोपहर सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता निकले और हिंदूवादी संगठनों के साथ मिलकर प्रदर्शन करते हुए बंगाल की ममता सरकार के विरोध में नारेबाजी की गई। बंगाल की घटना को लेकर ज्ञापन भी सौंपा गया जिसमें बंगाल की ममता सरकार को हटाकर राष्ट्रपति शासन लागू किये जाने की मांग की गई।



रविवार की दोपहर बालाघाट के व्यस्ततम काली पुतली चौक में विहिप के आव्हान पर बजरंगदल के साथ अन्य हिंदूवादी संगठनों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता एकत्रित हुये जहां पर भगवा ध्वज हाथों में लेकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी को लेकर नारे लगाये गये। जिसके उपरांत ज्ञापन सौंपा गया इसमें बताया गया कि बंगाल में हिंदू लक्षित हिंसा और दंगों के द्वारा हिंदुओं पर अत्याचार हो रहा है। हजारों की संख्या में पीड़ित हिंदू परिवार अपने ही राज्य में प्रताडऩा झेल रहे है। राज्य सरकार की किसी भी प्रकार की कार्यवाही हिंदू परिवारों की सुरक्षा को लेकर नहीं हुई है यह चिंताजनक है। वक्फ कानून के विरोध में 11 अप्रैल को हिंसक प्रदर्शन कानून बनाने वाली सरकार के विरोध में नहीं बल्कि हिंदुओं पर हिंसक आक्रमण के रूप में था। ममता सरकार भारत के संघीय ढांचे को बंगाल में ध्वस्त कर वोट बैंक को सुरक्षित रखने के लिये किसी भी सीमा तक जा सकती है। ऐसी पक्षपाती सरकार के रहते हिंदू परिवारों के जीवन, सम्मान और संपत्ति की रक्षा संभव नहीं है। जिसे लेकर तहसीलदार भूपेन्द्र अहिरवार को प्रदर्शन स्थल पर ज्ञापन सौंपा गया जिसमें यह मांग रखी गई कि ऐसी हिंदू विरोधी सरकार को निलंबित कर राष्ट्रपति शासन लागू किया जाये। इस प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में विहिप पदाधिकारी, हिंदूवादी संगठनों से जुड़े कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# प्रभु यीशु के पुर्नजीवित होने का पर्व ईस्टर

### मसीही समाज ने बांटी खुशियां, गिरजाघरों में हुई विशेष प्रार्थना सभा आराधना

**हरिभूमि न्यूज़ बालाघाट।**

शहर के सभी चर्च में रविवार को प्रभु यीशु के पुनर्जीवित होने का पर्व ईस्टर मनाया गया। इस मौके पर विभिन्न संस्कार हुए और बाइबिल संदेश के साथ खुशियों का माहौल रहा। सभी ओर गीतों से प्रभु यीशु के जी उठने का संदेश दिया गया। शहर के मैथोडिस्ट चर्च में मसीही समाज ने पहुंचकर प्रार्थना की और पास्टर ने प्रभु यीशु के वचनों और संदेश का वाचन किया। गुड फाईडे मनाने के बाद उसके 3 दिन बाद प्रभु के पुर्नजीवन पर सभी ने खुशियां बांटी। चर्च के प्रांगण में समाजनों की भीड़ बनी रही और विशेष प्रार्थना सभा के साथ ही आराधना और क्रिश्चन धर्म के संस्कार कार्यक्रम आयोजित हुये। मसीही गीतों से आस्था का माहौल रहा। इस अवसर पर हुई आराधना में फादर ने सभी को संदेश देते हुए कहा कि हमें प्रभु के बताए मार्ग पर चलना चाहिए। हमें सभी से प्रेमभाव रखना चाहिए। इसके साथ ही प्रभु की राह में भेंटें भी अर्पित की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मसीही समाज के लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रभु भोज की विधि हुई। इसमें सभी आपसी भेद भूलकर एक साथ भोज ग्रहण किया। प्रभु भोज की विधि के बाद ईस्टर की विशेष आराधना का समापन हुआ। ईस्टर पर मसीही समाज के लोगों ने अपने पूर्वजों को भी याद किया। वे कब्रिस्तान पहुंचे और उनके कब्र को साफ किया। उन्हें फूलों से सजाकर कैंडल जलाया और विशेष प्रार्थना की।




#### मसीही गीतों की हुई प्रस्तुतियां

शहर के कैथोलिक चर्चए मैथोडिस्ट चर्चए भरवेली सहित जिलेभर के गिरजाघरों में विशेष ईस्टर आराधना हुई। इस मौके पर पास्टर ने कहा कि परमेश्वर ने एक आश्चर्य कर्म किया कि उसने प्रभु यीशु मसीह की देह को पुनः जीवित किया। कभी न मरने के लिए तेजोमय देह में परिवर्तित किया। परमेश्वर ने सचमुच उसके बलिदान को स्वीकार किया है। पुनरुत्थान प्रभु यीशु के बलिदान पर मोहर लगाता है। इसके साथ ही मसीही गीतों की प्रस्तुति हुई।

#### ईस्टर पर की गई है विशेष आराधना-पास्टर सुरेश

इस संबंध में पास्टर सुरेश कुमार ने बताया कि ईस्टर पर्व उत्साह के साथ प्रभु की आराधना करते हुए उनके संदेश का वाचन करके मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर मसीही समाज ने कब्रिस्तान में पहुंचकर आराधना की है और चर्च में भी विशेष आराधना सभा और संस्कार के कार्यक्रम आयोजित किये गये है।

# खेत में आराम करता दिखा बाघ



### गांव में दहशत का माहौल, वन विभाग की टीम निगरानी में जुटी

**हरिभूमि न्यूज़ कटंगी।**

वन परिक्षेत्र कटंगी के गोरेघाट सर्किल में हिंसक वन्य प्राणी बाघ को एक खेत में देखा गया है. रविवार की दोपहर करीब 03 बजे के आस-पास गोरेघाट में ठाकुर प्रसाद जामुनपाने के खेत में बाघ को आराम करते हुए देखा गया. जबकि बीती रात्रि गांव में पालतू मवेशी बकरी के शिकार की घटना हुई है. संभव बाघ के द्वारा शिकार करने का अनुमान लगाया जा रहा है. वहीं शाम 05 बजे वन्य प्राणी बाघ को गांव में तालाब के ईद-गिर्द देखे जाने की भी चर्चा भी चल रही है. बाघ के गांव के नजदीक खेत में दिखाई देने के बाद भय का माहौल बना हुआ है. वहीं वन विभाग की टीम वन्य प्राणी की निगरानी में जुटी हुई है. वन परिक्षेत्र अधिकारी बाबूलाल चढ़ार ने बताया कि परिक्षेत्र सहायक और वन अमला गोरेघाट में मुस्तैद है. उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को सतर्क रहने की अपील की गई है और अकेले खेतों की तरफ ना जाए ऐसी अपील की गई है. गांव में बाघ के दिखाई देने की सूचना मिलने के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण खेतों की तरफ चले गए. एक युवक ने पेड़ पर चढ़कर बाघ की तस्वीर ली है फिलहाल वन विभाग को अब तक बाघ दिखाई नहीं दिया है. गौरतलब हो अभी भीषण गर्मी पड़ रही है ऐसे में वन्य प्राणी अकसर पानी की तलाश करते हुए गांवों के नजदीक बने तालाबों की तरफ आते है और ठंडक के लिए खेतों को ही अपना ठिकाना बना लेते है. दरअसल, अभी पठार अंचल में रबी की फसल लगी हुई है जहां पानी होने के कारण ठंडक बनी रहती है. वन विभाग का मानना है कि यह वन्य प्राणी की रूटिन का हिस्सा है किंतु फिर भी सभी को सतर्क रहने की जरूरत है.

# श्री दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर का मनेगा त्रयोदश स्थापना महोत्सव

**बालाघाट हरिभूमि ।** नगर के गुजरी चौक के निकट स्थित विश्व कल्याणकारी सर्वविपत्ति नाशक शीघ्र सर्वसुख प्रदाता संकट मोचन भगवान हनुमान जी के मंदिर का त्रयोदश स्थापना महोत्सव 23 व 24 अप्रैल को आयोजित किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत एक श्याम भक्ति व आनंद के नाम भजन संध्या बुधवार 23 अप्रैल शाम 7 बजे से नागपुर के सुप्रसिद्ध भजन गायक प्रीतम बत्रा एंड पार्टी द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किया जायेगा। 24 अप्रैल गुरूवार को हवन एवं महाप्रसादी का वितरण दोपहर 12 से 6 बजे किया जायेगा। वार्ड नंण 16, गुजरी चौक स्थित इस धार्मिक स्थल में आयोजित कार्यक्रम में बालाघाट सिवनी सांसद श्रीमती भारती पारधी, कार्यक्रम अध्यक्ष मुख्य अतिथि गौरव पारधी विधायक कटंगी, विशिष्ट अतिथि श्रीमती भारती ठाकुर अध्यक्ष नगर पालिका बालाघाट, प्रमुख अतिथि किरण भाई त्रिवेदी अध्यक्ष पूज्य सर्वब्राम्हण सभा, सोहन वैध वरिष्ठ समाजसेवी, गोपाल आडवानी एवं सीए पंकज अग्रवाल एवं अन्य की उपस्थिति कार्यक्रम में प्रमुख रहेगी। समिति ने हनुमान भक्तों से अधिक से अधिक संख्या से उपस्थित होकर पूण्य लाभ अर्जित करने का आव्हान किया है।



# सरपंच सचिव द्वारा की जारी वित्तीय अनियमितता के विरोध में ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

### ग्राम पंचायत सुनार ककोड़ी का मामला

**हरिभूमि न्यूज़ लांजी।**

ग्राम पंचायत सुनार ककोड़ी मे सरपंच एवं सचिव द्वारा कि जा रही भारी वित्तीय अनियमित्ता एवं ग्राम सुनार ककोड़ी सप्ताहिक बाजार नीलामी मे बिना टेंडर एवं ग्रामीण जनो कि जानकारी के बिना एवं बिना ग्राम पंचायत प्रस्ताव के पंचायत चपरासी संतोष सोनवाने कों दिये जाने के सम्बन्ध मे आज दिनांक 18 अप्रैल 2025 कों माननीय SDM साहब लाँजी को ग्रामीण जनो ने अपना ज्ञापन सौपा । ज्ञात हो कि ग्राम पंचायत सुनार ककोड़ी मे सचिव *रामचंद्र नारनौरे* एवं सरपंच *चित्रलेखा बापूरे* कि मिलीभगत से वर्ष 2022से 2025 तक अनेक वित्तीय अनियमित्ता विगत 4 वर्षो से कि जा रही है। जिसमे वर्ष 2022 से 2025 तक बाजार नीलामी कि राशि का गबन, नल जल वसूली कि राशि का गबन, टैक्स वसूली कि राशि का गबन, पंचायत कि सामग्री के बिलो मे विसंगतिया, ग्राम पंचायत्त द्वारा कराये गये निर्माण कार्यो जैसे सीमेंट नाली , सीमेंट रोड, शासकीय मा शाला शौचालय ,हाईस्कूल कि बॉउंड्री वाल, स्वागत द्वार ककोड़ी ग्राम पंचायत भवन निर्माण कार्यो आदि मे गुणवत्ता विहीन कार्य किये गये एवं कार्य मे राशि का दुरूपयोग , ठेकेदार को कम्‍ काम्‍ के बदले अधिक राशि आहरण कर शासकीय राशि का दुरूपयोग किया गया। पंचायत के कार्यो मे सरपंच पति डोमन सिंह बापूरे द्वारा अनावश्यक हस्तक्षेप करना,एवं पंचायत सचिव रामचंद्र नारनौरे द्वारा शराब पीकर प्रतिदिन पंचायत मे आना, एवं बिना प्रस्ताव के निर्माण कार्यो का टेंडर जारी करना, इन सब शिकायतों कों लेकर आज दिनांक 18.04.2025 कों मान SDM साहब कों शिकायत किया गया एवं समस्त बिन्दुओ पर विस्तृत एवं निष्पक्ष जांच कर दोषियों कों सजा देने का आग्रह किया गया। इसमे म्माननीय sdm साहब ग्राम पंचायत सुनार ककोड़ी मे पहुंचकर ग्रामीणों कि शिकायतो कों गंभीरता पूर्वक सुना एवं ग्राम मे चल रहे निर्माण कार्यो का निरीक्षण कर उक्त शिकायतो कि शीघ्र जाँच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया। इसमे ग्राम पंचायत उपसरपंच शैलेष येरपुड़े, सामाजिक कार्यकर्ता धानूराम बडघैया, सामाजिक कार्यकर्ता रामदेव येरपुड़े, पूर्व सरपंच झंकार बडघैया, ग्राम के वरिष्ठ नागरिक दयाचंद बडघैया,सुखचरण बडघैया लोकराम बडघैया, प्रभुदयाल कर्राहे , मनोज यरपुड़े , केशोराव यरपुड़े , अशोक जामुरे ,दिनाराम कार मैंघे ,हेमूलाल बडघैया, आत्माराम कार मैंघे, सुभाष सोनवाने,शिव राऊ त, अजय सोनवाने, येशुराम घोरमारे , संतोष सोनवाने, संतोष टिड़के आदि अनेक संख्या मे ग्रामीण जन उपस्थित थे।



# जिला अस्पताल के निरीक्षण पर पहुँचे सीएमएचओ

### मरीजों की ली अपडेट जानकारी, कर्मचारियों को स्वच्छता के साथ मरीजों की तत्परता से स्वास्थ्य जाँच की दी सलाह

**हरिभूमि न्यूज़ बालाघाट।**

कलेक्टर मृणाल मीना के निर्देशन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप द्वारा शनिवार शाम जिला चिकित्सालय का सघन निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने जिला चिकित्सालय में आवश्यक कमियां पाए जाने पर तत्काल सुधार के निर्देश दिए। वहीं लापरवाह कर्मचारियों कों कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि साइकिल स्टैंड की जगह गाड़ी खड़े न करके हॉस्पिटल के सामने खड़े कर रहे लोगो कों समझाइश दिया जाए। सीएमएचओ डॉ. उपलप ने ठेकेदार कों व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए है। साथ ही मनमानी तरीके से वाहन खड़े कर रहे परिजनो कों भी समझाइश दी गई है। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में खोडसिवनी की आशा को हमेशा यूनिफॉर्म में अस्पताल में उपलब्ध रहने के लिए निर्देशित किया गया। सीएमएचओ डॉ. उपलप ने रेफरल रजिस्टर की जाँच करते हुए कहा कि मार्च के बाद से रजिस्टर अपडेट नहीं है। जिला अस्पताल में मार्च माह में कुल 753 महिला डिलीवरी के लिए भर्ती हुई। जिसमें 563 की डिलेवरी कराई गई। निरिक्षण के दौरान बर्थ वेटिंग रूम में भर्ती डिटेल, रजिस्टर में मरीज भर्ती व अन्य आवश्यक जाँच की गई। सीएमएचओ डॉ. उपलप ने सूचना पटल हर वार्ड में लगाने निर्देशित किया है। उन्होंने जिला अस्पताल में 6 दिन से भारती मरीज का हिस्टोटमी नहीं हो पाई है। जिसका नाम अनुसुइया पति वासुदेव है. तत्काल उपचार की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए।



### ई केवायसी नहीं, तो राशन नहीं

#### बच्चों व बुजुर्ग की ई केवायसी के लिए मेरा इकेवायसी एप्प की सुविधा

**बालाघाट।** शासन द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत संचालित लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली व्यवस्था को सुचारू करने के लिये अभियान चलाकर पात्र हितग्राहियों की इकेवायसी की जा रही है। जिला आपूर्ति अधिकारी बालाघाट आरके ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि इकेवायसी के दौरान पीओएस मशीन में 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चेगए वृद्धजन या अन्या जिनका बायोमैट्रिक सत्यापन नही हो पा रहा हैए ऐसे हितग्राहियों के फेस ओथेन्टिकेशन द्वारा मोबाईल एप मेरा इकेवायसी ऐप से किया जा सकता है। हितग्राही स्वयं भी इस एप के माध्यम से इकेवायसी कर सकते है। श्री ठाकुर ने राशन प्राप्त करने वाले सभी पात्र उपभोक्ताओ से अपील की है कि निकटतम उचित मूल्या दुकान से अपना इकेवायसी करवा ले, क्योंकि ई केवायसी नहीं होने की स्थिति में आगामी माह का आबंटन जारी नहीं हो सकेगा। समस्त हितग्राही की स्वयं की जवाबदारी हैए की वह अपना ई केवायसी उचित मूल्य दुकान में कराये।

# ग्राम अकोला में बेधड़क हो रहा बिना रॉयल्टी के गिट्टी का अवैध परिवहन

### रोजाना हो रही लाखों रूपये की राजस्व की चोरी, खनिज विभाग को नहीं है कार्रवाई करने की फुर्सत

**हरिभूमि न्यूज़ लांजी।**

बालाघाट जिले के तहसील किरनापुर अंतर्गत आने वाले ग्राम अकोला मे सेम स्टोन क्रेशर स्थापित हैं। इस सेम स्टोन क्रेशर में अब तक क्या चलता रहा है, यह किसी से छिपा नहीं है। इस क्रेशर से नियम कानूनों का पालन करने की तो उम्मीद करना ही बेमानी है क्योंकि शासन के पहरेदारों में यह सब गोलमाल चलता है। कहने को तो किरनापुर से लांजी तक अवैध खनिजों की आवाजाही रोकने के लिए खनिज विभाग ने किसी प्रकार का कोई बेरियर स्थापित नहीं किया हैं जिससे अवैध गिट्टी परिवहन करने वालों के हौसले और भी बुलंद हो चुके हैं। बिना रॉयल्टी के गिट्टी परिवहन बेधड़क चल रहा है। ऐसा इसलिए मुमकिन है क्योंकि बिना रॉयल्टी गाड़ी पार करने के एवज में बेरियर ना होने से खनिज विभाग से लेकर राजस्व अधिकारियों एक निश्चित चढ़ावा मिलता है। अधिकारियों के जेबों तक पहुंचता है। विश्वसनीय सूत्रों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से प्रतिदिन तकरीबन 50 डंपर व अन्य वाहन बिना रायल्टी के सेम स्टोन क्रेशर गिट्टी खदान से आवाजाही कर रहे है और प्रत्येक दिन 2 से 3 लाख रूपए के राजस्व की शासन को हानि हो रही है मगर क्या करें कार्रवाई की बात हो तो खनिज विभाग पता नहीं किस मांद में दुबक जाता है। 6 माह मे कागजी खानापूर्ति के तौर पर मायनिंग अमला 1-2 दिन गाडियां पकड़कर अपनी पीठ खुद थपथपा लेता है जबकि इस मामले में ईमानदार सोच व समयबद्ध अभियान छेडऩे की नितांत आवश्यकता है।

#### खदान मालिक को राजनीतिक पकड़ होने का मिलता है लाभ

जानकारी अनुसार किरनापुर तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम अकोला मे संचालित होने वाले सेम स्टोन खदान के मालिक का राजनीति में अच्छी खासी पकड़ होने एवं जिले के एक सम्मानित पद में पदस्थ होने का डर विभाग को बना रहता है। इस कारण किरनापुर से लेकर लांजी और बालाघाट में धड़ले से बिना रॉयल्टी के ही गिट्टी का परिवहन किया जा रहा है। विभाग द्वारा कार्यवाही करने से भी इसलिये बचा जा रहा है की खदान मालिक एक राजनीतिक परिवार से ताल्लुक रखते हैं। साथ ही वर्तमान में भी एक राजनीतिक पद की शोभा बढ़ा रहे है। कहीं कार्यवाही कर देने से राजनीति की भेंट विभाग के अधिकारी-कर्मचारी न चढ़ जाएं इसी का डर उनके मन में बना हुआ है। बता दें कि से स्टोन क्रेशन में खदान के मालिक के नाम पर भी दूसरे वाहन खदान के देखरेख करने वाले मुनीम के द्वारा चलाए जा रहे हैं जिसकी जानकारी स्टोन क्रेशर के मालिक को भी नहीं है। इस बात का फायदा मुनीम के द्वारा बिना रॉयल्टी के ही क्षेत्र में डंपर से परिवहन किया जा रहा है। वहीं इस मामले की जानकारी खनिज विभाग एवं राजस्व विभाग को होने के बावजूद भी किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है जिससे यह साबित होता है कि बालाघाट जिले में राजनेताओं का कितना दबदबा बना हुआ है। जो प्रशासन की आंखों के सामने लाखों के राजस्व की चोरी हो रही है और अधिकारी सब कुछ देखकर भी मौन हैं।

